सुविचार

*जिंदगी साइकिल चलाने के जैसा है, बैलेंस बनाए रखने के लिए आपको चलते रहना होता है।*

साप्ताहिक

# युवा प्रदेश

Freedom Of Speech

RNI. NO. MPHIN/2015/76299

संपादक-नागेश नरवरिया

वर्ष 8, अंक-36 | www.yuvapradesh.in | भोपाल, शुक्रवार 13 अक्टूबर 2023 | ypnews24@gmail.com | पृष्ठ -8 | मूल्य 2 रुपये

# इजरायल ने लोगों से 24 घंटे में उत्तरी गाजा पट्टी छोड़ने को कहा, दिल्ली में भी अलर्ट

**एजेंसी, नई दिल्ली/तेल अवीव।** इजरायल और हमास के बीच शुक्रवार को सातवें दिन भी जंग जारी है। इस बीच, आज का दिन अहम माना जा रहा है। शुक्रवार को दुनियाभर में जुमे की नमाज होगी। हमास ने आज फिर इजरायल पर बड़ा हमला करने की धमकी दी है। उत्तरी गाजा पट्टी को लेकर इजरायल की सेना ने संयुक्त राष्ट्र से संपर्क साधा है। संयुक्त राष्ट्र के जरिए इजरायल ने कहा है कि उत्तरी गाजा पट्टी में रह रहे लोग 24 घंटों के भीतर सुरक्षित स्थानों चले जाएं। उत्तरी गाजा पट्टी से सटे इजरायल के शहरों में सेना तैनात है। तैयारी पूरी कर ली गई है। किसी भी वक्त यह ग्राउंड ऑपरेशन शुरू हो सकता है।



## गहरा सकता है बंधक संकट

हमास के आतंकियों ने अभी भी विभिन्न देशों के 150 नागरिकों को बंधक बना रखा है। इसमें अमेरिका और फ्रांस के नागरिक भी शामिल है। इजरायल ने कहा है कि बंधकों को रिहा करवाना उसकी प्राथमिकता है। वहीं संयुक्त राष्ट्र से अभी अपील की गई है कि वो बंधक संकट हल करवाना में मदद करेगा और इजरायल के रुख का समर्थन करे।

## सफेद फास्फोरस हथियारों पर ह्यूमन राइट्स वॉच का विरोध

इस बीच, ह्यूमन राइट्स वॉच ने आरोप लगाया है कि इजरायल की सेना ने गाजा और लेबनान में हवाई हमलों में सफेद फास्फोरस हथियारों का इस्तेमाल किया। मानवाधिकार संगठन का कहना है कि ऐसे हथियारों के इस्तेमाल से नागरिकों को गंभीर चोट का खतरा होता है।

# किसी लोक सेवक को झूठी जानकारी देना कब दण्डनीय अपराध होता है जानिए/legal advice.....

किसी जानकारी को किसी लोक सेवक से छुपाना भारतीय दण्ड संहिता की धारा 176 के अंतर्गत अपराध माना गया है,अगर कोई व्यक्ति जानबूझकर कोई जानकारी जो सत्य है उसे लोक सेवक को झूठी देता है तो वह किस कानून के अंतर्गत दोषी होगा जानिए



- लेखक बीआर अहिरवार(एडवोकेट एवं विधिक सलाहकार होशंगाबाद) 9827737665

## भारतीय दण्ड संहिता, 1860 की धारा 177 की परिभाषा ?

जो कोई व्यक्ति व्यक्ति किसी लोक सेवक को किसी विषय की झूठी सूचना देगा या गलत जानकारी देगा या कोई व्यक्ति किसी पुलिस अधिकारी या मजिस्ट्रेट को किसी अपराध की झूठी जानकारी देगा वह व्यक्ति उपयुक्त धारा के अंतर्गत दोषी होगा।

Indian Penal Code, v}{® section v|| punishment

यह अपराध असंज्ञेय एवं ज़मानतीय होते है। इनकी सुनवाई किसी भी न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा की जा सकती है दंड का प्रावधान निम्न प्रकार है-

1. किसी भी प्रशासनिक अधिकारी को झूठी सूचना या जानकारी देने पर अधिकतम एक मास की कारावास या जुर्माना या दोनों से दण्डित किया जा सकता है।
2. पुलिस या मजिस्ट्रेट से किसी गंभीर अपराध की.झूठी जानकारी या सूचना देने पर अधिकतम दो वर्ष की कारावास या जुर्माना या दोनों से दण्डित किया जा सकता है।

## Legal advice- भारतीय संविधान का कौन-सा अनुच्छेद न्यायालय को कार्यपालिका एवं विधायिका से अलग करता है जानिए।

सबसे पहले हम आपको सरल भाषा में बताते हैं कि कार्यपालिका, विधायिका और न्यायपालिका क्या होती है।

**विधायिका-** केंद्रीय स्तर पर संसद एवं राज्य स्तर पर विधानमंडल दोनो को विधायिका कहाँ जाता है, इसमें सांसद एवं विधायक सत्ता पक्ष के मंत्री सभी मिलकर कानून,विधेयक, विनियम आदि का निर्माण करते हैं। यही विधायिका का मुख्य कार्य होता है। अर्थात विधायिका का कार्य कानून बनाना होता है।

**कार्यपालिका-** जब किसी क़ानून का निर्माण विधायिका (संसद एवं विधानसभा) करती है तो उसे लागू करने का काम काम कार्यपालिका का होता है इसमें,कमिश्नर, कलेक्टर, पुलिस, सहित सभी प्रशासनिक अधिकारी आते हैं।

**न्यायपालिका-** जब कोई कानून विधायिका द्वारा बना दिया गया है एवं कार्यपालिका द्वारा उसे लागू करवा दिया जाता है तब कोई व्यक्ति उसका उल्लंघन करता है तो उसके लिए दण्ड न्यायालय देता है न्यायपालिका एकीकृत होती है अर्थात सुप्रीम कोर्ट से लेकर स्थानीय न्यायालय तक। साधारण शब्दों में तीनों को समझे तो विधायिका द्वारा कानून बनाया है जब कोई व्यक्ति किसी को जान से मार दे तो वह हत्या का अपराध होगी इसको लागू कार्यपालिका अर्थात पुलिस प्रशासन द्वारा करवाया जाता है किसी हत्या के आरोपी को पुलिस पकड़ेगी एवं अपनी अभिरक्षा में लगी लेकिन दण्ड देने के लिए वह आरोपी को न्यायपालिका को सौप देगी उसको दण्ड देने का काम न्यायपालिका का होता है।

## न्यायपालिका, को विधायिका और कार्यपालिका से अलग क्यों रखा जाता है जानिए।

भारतीय संविधान अधिनियम,1950 के अनुच्छेद 50 की परिभाषा?

भारतीय संविधान का अनुच्छेद 50 राज्य से यह अपेक्षा करता है की राज्य लोक सेवाओं में न्यायपालिका को कार्यपालिका से पृथक(अलग) करने के लिए कदम उठाएगा।

■ लेखक बीआर अहिरवार(एडवोकेट एवं विधिक सलाहकार होशंगाबाद) 9827737665

# शिवराज ने पूछा- आतंकियों का समर्थन करने वाली पार्टी का कोई समर्थन करेगा क्या

**भोपाल।** राजधानी के हुजूर विधानसभा क्षेत्र में आने वाले आदमपुर छावनी में गुरुवार को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भाजपा प्रत्याशी रामेश्वर शर्मा के समर्थन में चुनावी जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए लोगों से पूछा कि जो आंतकवादियों का समर्थन करते हैं, ऐसी पार्टी का किसी को समर्थन करना चाहिए क्या? इस पर लोग चिल्लाकर बोले, 'नहीं'। मुख्यमंत्री ने हुजूर विधानसभा से



भाजपा प्रत्याशी रामेश्वर शर्मा को फिर से जिताने की अपील की। इस मौके पर बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेसी आतंकियों की मौत पर आंसू बहाते हैं। ये कांग्रेस और कांग्रेस के नेता पीएफआइ का समर्थन करते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आतंकवादियों पर कार्रवाई करते हैं। ये ओसामा को ओसामा जी कहते हैं। सर्जिकल स्ट्राइक का विरोध करते हैं। पीएफआइ के खिलाफ कार्रवाई हुई तो दिग्विजय सिंह आंसू बहा रहे हैं। कहते हैं यह कार्रवाई गलत हो रही है। मुख्यमंत्री ने दिग्विजय सिंह को बंटाढार और कमल नाथ को भ्रष्टाचार का चेहरा बताया। उन्होंने कहा कि कमल नाथ को जिस प्रदेश ने मुख्यमंत्री और लोकसभा सदस्य बनाया, उसी प्रदेश को वह बदनाम करते हैं। कहते हैं यह बेईमानों का प्रदेश है। यह चौपट प्रदेश है। कहते हैं यह भ्रष्टाचारियों का प्रदेश है। पहले कहते थे कि भारत महान नहीं बदनाम है। यही कांग्रेस की सोच है। यह अपने देश को और मप्र को बदनाम करते हैं। कमल नाथ जी आपको शर्म आना चाहिए जिस मध्य प्रदेश की माटी ने आपको सब कुछ दिया, उस प्रदेश को बदनाम करने का पाप आप कर रहे हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि मामा का वचन है, मैं मप्र की धरती पर किसी को बगैर जमीन-मकान के नहीं रहने दूंगा। हर गरीब को रहने की जमीन का मालिक बनाऊंगा। हमने मुख्यमंत्री भू-आवासीय जमीन योजना बनाई है।

# किसान का बेटा जर्मनी में एक महीने रोबोटिक कंपनी में देगा अपनी सेवाएं।

**संवाददाता हल्के वीर की न्यूज़।।**

देवरी। नाम माखन सिंह केवट पिताजी का नाम श्री छिदामी लाल केवट उम्र 23 वर्ष निवासी ग्राम पंचायत चीखली के ग्राम खमरिया। बहुत गरीबी स्थिति से उठकर, आईआईटी गोवा से इंजीनियरिंग कर सॉफ्टवेयर इंजीनियर बना।



इंजीनियर बनने के बाद देश के अंदर ही अपनी सेवाएं दे रहे हैं। अपनी काबिलियत की वजह से आज वह विदेश(जर्मनी) में भी अपनी सेवाएं प्रदान करेगा। माखन ने बताया कि वह एक एडवर्ब टेक्नोलॉजी कंपनी में सॉफ्टवेयर इंजीनियर की जॉब करता है। ये कंपनी वेयरहाउस रोबोटिक्स ऑटोमेशन के लिए हल देती है द्य मैं कंपनी के एक यूरोप के प्रोजेक्ट पर काम रहा था, इसके लिए सॉफ्टवेयर मेने लिखा है । इसमें हमनें ऑटोमैटिक स्टोरेज एंड रिट्रीवल के लिए सॉफ्टवेयर बनाया हैं।

**इसके लिए मैं जर्मनी जा रहा हूं।**

**जर्मनी जाने का उद्देश्य।**

वर्चुअल सिमुलेशंस के बाद, अब यह सॉफ्टवेयर प्रोडक्शन में जा रहा है।एक महीने बाद यह प्रोजेक्ट कंप्लीट हो जाएगा और वेयरहाउस में हमको रोबोट मूव करते हुए देखेंगे और एक क्लिक पर रोबोट हमारे लिए काम करेंगे। ऐप के थ्रू हम रोबोट्स कंट्रोल करेंगे और इससे रोबोट अरे इंस्ट्रक्शंस को फॉलो करेंगे।

# तीन पारियों में जनसम्पर्क विभाग के अधिकारी कर रहे हैं प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया की खबरों की सतत मॉनिटरिंग

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में 9 अक्टूबर से विधानसभा निर्वाचन 2023 की आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील हो गई है। विधानसभा निर्वाचन के दौरान पेड न्यूज संबंधी मामलों, राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय प्रिंट मीडिया में प्रकाशित एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया चैनल में प्रसारित खबरों की 24 घंटे सतत् मॉनिटरिंग/रिकॉर्डिंग की जा रही है। राज्यस्तरीय मीडिया मॉनिटरिंग प्रकोष्ठ, राज्य नोडल अधिकारी, आयुक्त जनसम्पर्क श्री मनीष सिंह के मार्गदर्शन में कार्य कर रहा है। न्यूज मॉनिटरिंग एवं पेड न्यूज के मामलों सहित अन्य सभी कार्यों के लिये अपर संचालक डॉ. एच.एल. चौधरी को मुख्य नोडल अधिकारी बनाया गया है। मुख्य निर्वाचन




पदाधिकारी कार्यालय, निर्वाचन सदन, अरेरा हिल्स, भोपाल में राज्यस्तरीय मीडिया मॉनिटरिंग प्रकोष्ठ (स्टेट लेवल एमसीएमसी सेल) कार्य कर रहा है। इस प्रकोष्ठ में जनसम्पर्क विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों की टीम तीन पारियों में प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया की खबरों की सतत् निगरानी कर रही है। यह कार्य प्रतिदिन तीन पारियों में सुबह 6 से दोपहर 2 बजे तक, दोपहर 2 से रात्रि 10 बजे तक और रात्रि 10 से अगले दिन सुबह 6 बजे तक निर्बाध रूप से निरन्तर किया जा रहा है। राज्यस्तरीय मीडिया मॉनिटरिंग प्रकोष्ठ में तीनों पारियों में ड्यूटी में तैनात अधिकारी एवं कर्मचारी के साथ एक-एक नोडल अधिकारी के मार्गदर्शन में कार्य कर रहे हैं। इनकी सहायता के लिए सहायक नोडल अधिकारी भी बनाये गये हैं। प्रथम पारी सुबह 6 से दोपहर 2 बजे, दूसरी पारी दोपहर 2 से रात्रि 10 बजे और तीसरी पारी रात्रि 10 बजे से अगले दिन सुबह 6 बजे तक निर्बाध मॉनिटरिंग की जा रही है। समाचार पत्र, पत्रिकाओं में प्रकाशित समाचारों एवं मीडिया रिपोर्ट्स की कतरनों के संधारण कार्य के लिए भी सुबह 6 से शाम 6 बजे तक के लिए अधिकारी, कर्मचारी तैनात किये गये हैं। तीनों पारियों के लिये आकस्मिक एवं वैकल्पिक व्यवस्था के लिए रिजर्व अधिकारी और कर्मचारी भी तैनात किये गये हैं।

# शासकीय माध्यमिक शाला इटुआ में मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया।



**देवरी से संवाददाता हल्के वीर**

देवरी। मतदाता एवं मतदान को अधिक मात्रा में शासन के विभिन्न अंगों से जोड़ने के लिए मतदान ही ऐसा माध्यम है जो हर युवा वर्ग महिला वर्ग को एकता के सूत्र में बांधने का कार्य करता है। और एक अच्छी सरकार चुनने का अधिकार मतदाता के पास होता है इसी उद्देश्य को पूरा करने के लिए प्रदेश के सभी स्कूलों में मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन छात्रों के माध्यम से किया जा रहा है इसी उपलक्ष्य में शासकीय माध्यमिक शाला इटुआ में मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया जिसमें छात्रों ने मतदाता जागरूकता के नारे भी लगाए और लोगों को मतदान के लिए प्रेरित भी किया। जिसमें प्रधान अध्यापक श्री देवेंद्र विश्वकर्मा जी, श्रीमति बंदना दुबे, श्रीमती राजकुमारी रजक एवं सभी छात्रों ने अपनी उपस्थिति दर्ज की।

# देवरी में हाई-वे पर बनाए गए एसएसटी चेक प्वाइंट पर जप्त की गई एक लाख 39 हजार 500 रुपए की नगदी

**संवाददाता हल्के वीर**



**देवरी।** विधानसभा निर्वाचन-2023 के दृष्टिगत रायसेन जिले के देवरी में हाईवे पर बनाए गए एसएसटी चेक प्वाइंट पर वाहनों की जांच के दौरान एफएसटी टीम द्वारा भोपाल निवासी मोहम्मद फैजान के पास से एक लाख 39 हजार 500 रू नगद जप्त किए गए। मोहम्मद फैजान द्वारा उक्त नगदी के संबंध में संतोषजनक जानकारी तथा दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जाने पर यह कार्रवाई करते हुए एक लाख 39 हजार 500 रू की नगदी थाना देवरी की सुपुर्दगी में देते हुए वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। उल्लेखनीय है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मप्र विधानसभा निर्वाचन-2023 की घोषणा के साथ ही रायसेन सहित सम्पूर्ण प्रदेश में आदर्श आचार संहिता प्रभावशील हो गई है। रायसेन जिले में आदर्श आचार संहिता का पालन सुनिश्चित कराते हुए विधानसभा निर्वाचन स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं सुचारू रूप से सम्पन्न कराने के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अरविंद दुबे द्वारा सम्पूर्ण जिले में एसएसटी की 20 टीमें तथा एफएसटी की 21 टीमें गठित की गई हैं, जिनके द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है।

# राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाइयों द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया



**नर्मदापुरम।** शासकीय नर्मदा महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाइयों द्वारा,प्राचार्य डॉक्टर ओ एन चौबे के मार्गदर्शन एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर एस के दिवाकर के निर्देशन में राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस की 54 वी वर्षगांठ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीपक प्रज्वलन एवं माल्यार्पण करके किया गया मंचासीन प्राचार्य डॉ ओ एन चौबे पूर्व जिला संगठक डॉ आर एस बोहरे ,डॉक्टर बी एल राय पूर्व कार्यक्रम अधिकारी, वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ अमिता जोशी डॉक्टर सीताराम हरने डॉक्टर संजय चौधरी डॉक्टर के जी मिश्र डॉक्टर रवि उपाध्याय डॉ बी एस आर्य डॉक्टर एस के उदयपुरे डॉक्टर हंसा व्यास डाक्टर दीवान के आतिथत्य में प्रारंभ हुआ।एनएसएस के स्वयंसेवको ने सरस्वती वंदना एवं एन एस एस के गीतो की प्रस्तुति दी प्राचार्य डॉक्टर ओ एन चौबे ने अपने उद्बोधन में बताया कि एनएसएस के विद्यार्थी समाज के हित के कार्य करते हैं जिसमें साक्षरता पर्यावरण संरक्षण आदि उन्होंने छात्रों को शुभकामनाएं दी स्वयंसेवकों ने सास्कृतिक कार्यक्रमों में नृत्य,नाटक ,भाषण देशभक्ति गीत आदि कार्यक्रम प्रस्तुत किये अंत में प्राचार्य द्वारा प्रमाण पत्र एवं मैडल देकर स्वयंसेवकों को सम्मानित किया गया कार्यक्रम का संचालन अमन मेहरा द्वारा किया गया एवं आभार शिवनारायण कटारे द्वारा किया गया इस अवसर पर श्रीमती आरती रावत श्रीमती प्रियंका राय रेणुका ठाकुर मालती पटेल अर्पणा श्रीवास्तव रीनू वर्मा मेघा रावत रूपा भावसार नित्या पटेरिया एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# प्रेरणा काव्य यात्रा व हिंदी परिचर्चा संपन्न




**ग्वालियर।** प्रेरणा हिंदी प्रचारिणी सभा,भारत के तत्वावधान तथा सभा के संस्थापक कवि श्री संगम त्रिपाठी जी के मार्गदर्शन में हिंदी को राष्ट्रभाषा बनाने की दिशा में सभा द्वारा पूरे देश में कवि गोष्ठी तथा हिंदी पर परिचर्चा का आयोजन किया जा रहा है।जिसकी कड़ी में दिनांक 8 अक्टूबर 2023 को बारह बीघा कॉलोनी,विनय नगर ग्वालियर में कवि गोष्ठी तथा हिंदी पर परिचर्चा का आयोजन किया गया। जिसमें हिंदी को राष्ट्रभाषा बनाने के प्रयासों पर गहन विचार विमर्श हुआ।आज की गोष्ठी के मुख्य अतिथि श्री प्रदीप मिश्र अजनबी , मेरठ थे। आज के आयोजन के सूत्रधार कवि प्रदीप त्रिपाठी ÷दीप÷ ग्वालियर थे।उन्होंने मुख्य अतिथि तथा कार्यक्रम में पधारे सभी अतिथि कवियों तथा कवियत्रियों का स्वागत किया।कार्यक्रम का संचालन श्री प्रदीप त्रिपाठी ने किया।गोष्ठी के मुख्य अतिथि श्री प्रदीप मिश्रा अजनबी ने अपने उद्बोधन में सभा के उद्देश्यों तथा हिंदी की वर्तमान दशा और दिशा पर प्रकाश डाला। गोष्ठी में कवियत्री श्रीमती माला अज्ञात , श्रीमती शकुन्तला तोमर, श्रीमती रेखा भदौरिया, वरिष्ठ कवि श्री बच्चू लाल दीक्षित, श्री राज किशोर बाजपेई, श्री भारवी श्रीवास्तव, श्री आकर्षक सारस्वत , श्री चन्द्र प्रकाश उपाध्याय आदि ने काव्य पाठ किया तथा हिंदी के विकास के लिए अपने बहुमूल्य सुझाव साझा किए। मुख्य अतिथि ने सभी कवियों को प्रेरणा प्रवर्तना ऐतिहासिक स्मारिका पत्रिका भेंट की।कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों का आभार कवि श्री प्रदीप त्रिपाठी दीप ने व्यक्त किया।

# आदर्श आचरण संहिता लागू , कलेक्टर ने प्रतिबंधात्मक आदेश किये जारी, जनसुनवाई आगामी आदेश तक स्थगित

**भोपाल से देवेन्द्र कुमार जैन की रिपोर्ट**

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा निर्वाचन 2023 की घोषणा के साथ ही जिले में आदर्श आचरण संहिता लागू हो गई है। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी अधिकारी आशीष सिंह ने आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 की गतिविधियों की प्रक्रियाओं को व्यवस्थित, स्वतंत्र, निष्पक्ष, निर्विघ्न रूप से संपन्न कराने, कानून व्यवस्था बनाए रखने, मानव जीवन की सुरक्षा, लोक शांति बनाए रखने हेतु दंड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 के अन्तर्गत प्रर्दत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए सर्वसधारण के पालनार्थ निम्नांकित प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए है1. सक्षम अधिकारी की अनुमति के बिना एक स्थान पर एक समय में 5 या 5 से अधिक व्यक्ति एकत्रित नही होंगे2. कोई भी व्यक्ति, समूह, संस्था या अन्य सार्वजनिक स्थानों पर किसी भी प्रकार के धारदार या अन्य हथियार, आग्नेय शस्त्र, हॉकी, डण्डा, रॉड इत्यादि लेकर नहीं चलेगा अथवा दुरुपयोग नहीं करेगा और न ही प्रदर्शन करेगा। किसी भी प्रकार के उत्सव व समारोह में हवाई फायर वर्जित रहेंगे। 3. कोई भी व्यक्ति, समूह, संस्था या अन्य सक्षम अधिकारी की अनुमति के बिना किसी भी स्थान पर सभा, धरना प्रदर्शन, जुलूस, वाहन ,साधारण रैली आदि का आयोजन नहीं करेगा शासकीय , अशासकीय स्कूल मैदान , भवन, शासकीय कार्यालय के परिसर पर किसी भी प्रकार की राजनैतिक गतिविधि पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगी। 4. कोई




व्यक्ति , संस्था, समूह डी. जे. अथवा बैण्ड का संचालक या अन्य कोई सक्षम अधिकारी की अनुमति के बिना बैण्ड ,डी. जे. , ध्वनि विस्तारक यंत्र का उपयोग नहीं करेगा। प्रत्येक को म.प्र. कोलाहल नियंत्रण अधिनियम 1985 तथा द नोइज पोल्लुशन रेगुलेशन एंड कंट्रोल रूल 2000 एवं ध्वनि प्रदुषण (विनियमन और नियंत्रण) (संशोधन) नियम, 2010 के प्रावधानों का पूर्ण पालन करना आवश्यक होगा। 5. कोई व्यक्ति,संस्था, समूह या अन्य कोई भी धरना, जुलूस, प्रदर्शन, सभा या रैली आदि में एसिड, पेट्रोल, केरोसिन आदि ज्वलनशील पदार्थ अपने पास नहीं रखेगा या लेकर नहीं चलेगा या उपयोग नहीं करेगा।6. किसी भी प्रकार के धरना, जुलूस, प्रदर्शन, सभा या रैली आदि में पटाखे ,विस्फोटक सामग्री का उपयोग पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगी। वैद्य अनुज्ञप्तिधारी को छोड़ कोई भी व्यक्ति बारूद , पटाखों का संग्रहण निर्माण या परिवहन नहीं करेगा। 7. कोई भी व्यक्ति, संस्था समूह या अन्य किसी भी स्थान पर किसी भी प्रयोजन हेतु सक्षम अधिकारी की अनुमति के बिना टेंट, पांडाल आदि का स्थाई या अस्थाई निर्माण नहीं करेगा। 8. कोई भी व्यक्ति , समूह, संस्था या अन्य पक्ष किसी भी सड़क, रोड़, रास्तों, हाईवे, आदि पर एकत्रित होकर यातायात में व्यवधान नहीं करेंगे या किसी अन्य प्रकार से कोई रुकावट उत्पन्न नहीं करेंगे या किसी व्यक्ति को आने जाने एवं उसके कार्य करने से नहीं रोकेंगे। 9. कोई भी व्यक्ति, समूह, संस्थाये ग्रुप एडमिन या अन्य सोशल मीडिया , इलेक्ट्रानिक संसाधन जैसे मोबाईल, कम्प्यूटर, फेसबुक, ई-मेल, व्हाट्सएप एवं अन्य प्रकार के संचार साधनों पर किसी दल, धर्म, जाति, सम्प्रदाय, संस्था, व्यक्ति विरोधी एवं आम लोगों की भावना भड़काने व कानून व्यवस्था की विपरित स्थिति निर्मित करने वाले आपतिजनक मेसेज , चित्र , कमेंट , बैनर , पोस्टर आदि अपलोड नहीं करेगा। 10. मतदान की तिथी पर मतदान केन्द्र में एवं मतगणना के दिन मतगणना स्थल पर एवं इन स्थानों की निर्धारित परिधि में सेल्युलर फोन का उपयोग नहीं किया जा सकेगा और न ही कोई व्यक्ति सेल्युलर फोन रख सकेगा। 11. कोई भी व्यक्ति किरायेदार रखेगा उसकी सूचना तत्काल संबंधित थाना प्रभारी को देगा। 12. समस्त होटल , लॉज एवं धर्मशाला के संचालक इनमें ठहरने वाले व्यक्तियों की जानकारी से संबंधित थाना प्रभारी को प्रतिदिन आवगत करायेगे । ये निर्देश , प्रतिबंधों में अनुक्रमांक 1, 2, 3, 4, 7 एवं 10 के प्रावधान कानून व्यवस्था बनाए रखने के उपाय सुनिश्चित करने की दृष्टि से शासकीय कर्तव्य पर उपस्थित एवं निर्वाचन कार्य में डयूटीरत पुलिसकर्मियों एवं पुलिस अधिकारियों तथा अन्य प्रशासनिक अधिकारियों के लिए लागू नहीं होंगे तथा सिख धर्म के अनुयायियों व विवाह समारोह के दुल्हा दुल्हन को कटार धारण करने की छूट रहेंगी। किसी भी कार्यक्रम सभा, आमसभा, आदि की अनुमति जारी करने के लिए संपूर्ण जिला सम्मिलित होने की स्थिति में अपर जिला दण्डाधिकारी उत्तर भोपाल को एवं अपने-अपने अनुभाग , विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रान्तर्गत संबंधित अनुविभागीय अधिकारी सक्षम प्राधिकारी घोषित किया जाता है। उपरोक्त अधिकारी संबंधित स्तर के पुलिस अधिकारी एवं आरओ से परामर्श कर अथवा परिस्थितियों अनुसार आवश्यक सशर्त एवं प्रत्येक आयोजन की पृथक-पृथक अनुमतियां जारी कर सकेंगे। चूंकि यह आदेश जन सामान्य से संबंधित है एवं परिस्थितिवश इतना समय उपलब्ध नहीं है कि जन सामान्य या समूह को इस संबंध में सूचना दी जाकर सुनवाई की जा सके। अतः दंड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 (1) के अंतर्गत यह आदेश एक पक्षीय पारित किया जा रहा है। विधानसभा निर्वाचन की घोषणा के साथ ही जिले में तत्काल प्रभाव से आदर्श आचरण संहिता लागू हो गई है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार प्रति मंगलवार आयोजित होने वाला जनसुनवाई कार्यक्रम आगामी आदेश तक स्थगित किया गया है।

# छात्रावासो में अधीक्षकों की चल रही है मनमानी.. अव्यवस्थाओं के चलते छात्र रहते हैं मानसिक तनाव में....मौत के बाद भी नहीं हुई कोई कार्रवाई

**जगदलपुर।** जिला मुख्यालय से 35 किलोमीटर दूर दरभा ब्लॉक में पोस्ट मैट्रिक व प्री मैट्रिक शासकीय बालक छात्रावास संचालित होता है। जहां विगत दिनों एक 12वीं कक्षा के डिलमीली पीड़ते पारा निवासी बैसु पोयाम ने हॉस्टल के अपने ही कमरे में दिन के 12ः00 बजे फांसी लगा ली थी। दरभा थाना प्रभारी ने 100 के पास से एक सुसाइड नोट जैसा कोई साक्ष्य बरामद किया था, जिसमें मृतक ने स्वयं आत्महत्या करने का जिक्र इंस्टाग्राम वेबसाइट में किया था ,ऐसा बताया जा रहा है विदित हो कि, दरभा के बालक छात्रावास में पोस्ट मैट्रिक व प्री मैट्रिक में कुल 130 छात्र अध्ययनरत हैं। किंतु छात्रावास में भारी अवयवपस्था का आलम है। 12 के छात्रों को सुबह भुखा रखा जाता है, अधिक्षक से पुछने पर नाश्ता का बजट नहीं होने का हवाला दिया जाता है। छात्रावास में पेयजल के नाम से एक ही कूलिंग वॉटर मशीन है,जो 130 छात्रों को पेयजल समस्या से निजात दिलाती है,किंतु महीनो से खराब है, शासन के मानक गुणवत्ताओं का आहार तालिका






बताया जाता है किंतु अमानक वह गुणवत्ताहीन भोजन बच्चों को दिया जा रहा है ऐसी अनियमितता हॉस्टल अधीक्षक के द्वारा लंबे समय से बरती जा रही है। अंदरुनी व नक्सली क्षेत्र के छात्रावासों में आए दिन अधीक्षकों की मनमानी किसी से छुपी नहीं है व अखबारों की सुर्खियां बने रहते हैं। दरबार बालक छात्रावास के अधीक्षक के द्वारा मृतक के संबंध में समाचार पत्रों में अलग-अलग बयान देखने को मिलता है, पल-पल अधीक्षक का बयान बदलने से संदेह को जन्म देता है तथा जांच का विषय है। पुलिस को सूचना देने पश्चात स्वयं अपने छात्रावास स्टाफ के साथ खुद मृतक के दरवाजा को तोड़ा था किंतु अस्पताल ले जाना मुनासिब नहीं समझा, जबकि सारे स्टाफ के छात्रावास में मौजूद रहते हुये भी छात्र ने फांसी लगाई और किसी को कुछ पता भी नहीं चला। बाहरी व्यक्ति के जानकारी देने के पश्चात छात्रावास के अधीक्षक को पता चला, के छात्र फांसी लगा रहा है।यह विचारणीय विषय है। दरअसल छात्रावास अधीक्षक जो की स्वयं ग्राम दरभा निवासी हैं, जिनका निजी व पैतृक मकान भी दरभा में ही स्थित है, जिसके कारण अधिकतर समय छात्रावास से नदारत रहकर अपने घर से ही छात्रावास संचालित किया जाता है। ऐसी कई अनियमिताओं के चलते छात्र मानसिक तनाव से गुजर रहे हैं जिसका परिणाम सामने देखने को मिल रहा है। बस्तर अंचल में अनेकों आश्रम वह छात्रावास संचालित होते हैं। परन्तु अधीक्षकों की नकारात्मक रवैए से समय-समय पर अनेको घटनाएं छात्रों के साथ होती रहती है। ऐसे अनेकों उदाहरण दिए जा सकते हैं। किंतु फिर भी नजर अंदाज किया जाता रहा है। ऐसे गंभीर व संगीन मामलों में प्रशासन को संज्ञान में लेकर जिम्मेदार अधिकारियों के ऊपर कार्रवाई सुनिश्चित करना ही न्याय उचित होगा। देखना अब यह है कि बस्तर के छात्रावासों की अवस्थाओं को कैसे ठीक कर मानसिक तनाव में रहने वाले छात्रों को कैसे राहत पहुंचा कर शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ किया जा सकता है।

# नरयावली की जनता को ठेस पहुंचाने वाले चौधरी पर कांग्रेस का दाव पड़ सकता है उल्टा

### लोगों ने कहा कि फिर चखना होगा हार का स्वाद, सही हो प्रत्याशी का चयन



सुरेंद्र चौधरी –



लीलाधर अहिरवार –

**नरयावली।** विधानसभा चुनाव की चुनाव आयोग ने अधिकारिक तौर पर घोषणा कर दी है। जहां प्रशासन पूरी तैयारियों को अंजाम देने में लगा है, वहीं राजनैतिक पार्टियां जनता की नब्ज तलाशते हुए अपने आपको मजबूत करने में जुटी हैं। भाजपा ने तीन तिहाई प्रत्याशियों की घोषणा कर दी, वहीं कांग्रेस ने अभी तक अपने पत्ते नहीं खोले हैं। खबर है कि आने वाले दो-तीन दिनों में कांग्रेस अपने अधिकारिक प्रत्याशियों की घोषणा कर सकती है। चुनाव को लेकर भाजपा जहां आगे की रणनीति बनाने में जुटी है, वहीं कांग्रेस प्रत्याशियों के चयन को लेकर असमंजस के दौर से गुजर रही है। भाजपा के गढ़ बन चुकी सागर जिले की नरयावली विधानसभा को लेकर स्थानीय स्तर पर भारी विरोधाभास देखा जा रहा है। बताया जा रहा है कि इस विधानसभा से कांग्रेस ने जो प्रत्याशियों का पेनल बनाया है, उसमें दो नाम शामिल हैं। इनमें कांग्रेस के कद्दावर नेता और पूर्व मंत्री सुरेंद्र चौधरी का नाम प्रमुखता से है। दूसरा नाम सरकारी सेवा से मुक्त होकर राजनीति में भविष्य तलाश रहे लीलाधर अहिरवार का नाम भी तेजी से उभरकर आ रहा है।

### सुरेंद्र चौधरी - जनता में इस वजह से आक्रोश

दोनों ही प्रत्याशी अपनी- अपनी जीत का दावा कर रहे हैं और इसके पक्ष में हाईकमान तक अपनी बात रख चुके हैं। इस जीत के आंकलन और प्रत्याशी चयन में जनता की राय में बड़ा विरोधाभास सुनने को मिल रहा है। सूत्रों की मानें तो तीन बार से भाजपा से पटखनी खा रहे पूर्व मंत्री सुरेंद्र चौधरी को जनता इसलिए पसंद नहीं कर रही है कि उनके कार्यकाल में अभिजात्य वर्ग विभिन्न मामले में काफी परेशान रहा है। उनपर बदले की भावना से प्रशासन पर दबाव बनाकर कार्रवाई की गई। कई लोगों पर केस लादे गए, जिसकी वजह से जनता में गाहे- बगाहे आक्रोश देखा जा रहा है। जिसका ही परिणाम है कि पार्टी द्वारा भरोसा करने के बाद भी वे जनता का दिल नहीं जीत नहीं सके। यही मुद्दा उनका पीछा नहीं छोड़ रहा है। यही वजह है कि लगातार उन्हें हार का मुंह देखना पड़ रहा है। दूसरा वे कांग्रेस के कद्दावर नेता होने के कारण उनकी राजनीति शहरी स्तर की है। ग्रामीण इलाके में उनकी पहुंच नहीं है और न ही वे क्षेत्र में सक्रिय है।

### लीलाधर अहिरवार - जनता से सीधा नाता

वहीं लीलाधर का स्वाभाव शांत और सरल है और वे प्रशासनिक प्रक्रिया में दक्ष हैं। उनकी कार्यशैली से जनता प्रभावित है। इस वजह से जनता का झुकाव उनकी ओर मुड़ता हुआ दिखाई दे रहा है। वे पिछले एक साल से अपरोक्ष रूप से क्षेत्र में सक्रिय हैं और गांव- गांव में पहुंच होने से उनका राजनैतिक ग्राफ लगातार बढ़ता जा रहा है। जबकि पिछले 4 महीने से प्रत्यक्ष रूप से जनता के बीच जनता से द्वार-द्वार पहुंचकर उनके दुख-दर्द में शामिल हो रहे, बलकि उनकी आवश्यकताओं को भी परख रहे हैं। कुछ लोग तो उनमें भावी भविष्य देख चुके हैं और इसका आशीर्वाद भी दे चुकें हैं। हालांकि यह तो भविष्य ही बताएगा कि ताज किसके सर सजेगा।

### चयन से बदलेगी नरयावली की तस्वीर

सूत्रों के अनुसार, कांग्रेस का नरयावली में भविष्य तभी खिलेगा, जब प्रत्याशी के चयन में लोगों की राय जानी जाएगी। अगर कांग्रेस ने जनता की पसंद का प्रत्याशी मैदान में उतारा तो निशचित ही इस विधानसभा से भाजपा के अधिकारिक प्रत्याशी प्रदीप लारिया की विदाई करते हुए उन्हें घर बैठा सकते हैं और कांग्रेस का पंजा जीत का झंडा फहराते हुए विधानसभा में लोगों की आवाज बनेगा। हमारे प्रतिनिधियों ने ग्रामीण स्तर में पहुंचकर लोगों की राय जानने की कोशिश की तो कांग्रेस नेता सुरेंद्र चौधरी के खिलाफ लोग बगावत करते हुए स्वर सुनाई दे रहे हैं, वहीं लीलाधर पर अपना भरोसा जताते हुए दिखाई दे रहे हैं। हालांकि इस विधानसभा से कौन जीतेगा यह नहीं, यह तो 17 नवंबर को यही जनता तय करेगी।




गुलामी की कीचड़ से निकालकर।
हुकूमत की कुर्सी तक ले जाने वाले।
महान समाज सुधारक और भारतीय राजनीतिक क्रांति के अग्रदूत व दलित , वंचित , शोषित समाज के अधिकारों के लिए हमेशा लड़ते रहने वाले मान्यवर कांशीराम साहब जी के परिनिर्वाण दिवस पर उन्हें सादर नमन विनम्र श्रद्धांजलि।।

## उज्जैन स्टेशन पर उज्जैन-इंदौर पैसेंजर सहित आधा दर्जन ट्रेनों के ठहराव समय में बदलाव

**इंदौर।** पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल पर ट्रेनों के सतत एवं सुचारु परिचालन को ध्यान में रखते हुए कुछ ट्रेनों का विभिन्न स्टेशनों पर आगमन, प्रस्थान समय में परिवर्तन किया जा रहा है। उज्जैन-इंदौर पैसेंजर सहित आधा दर्जन ट्रेनों के ठहराव समय में बदलाव किया गया हैं। यात्रियों को इनके अनुसार ट्रेनों से यात्रा करनी होगी। उज्जैन-इंदौर पैसेंजर का फतेहाबाद और अजनोद पहुंचने के समय में भी बदलाव किया गया हैं। रतलाम मंडल के उज्जैन स्टेशन पर ठहराव देने वाली आधा दर्जन ट्रेनों के समय मे बदलाव किया गया हैं। रतलाम मंडल के पीआरओ खेमराज मीना ने बताया कि गाड़ी संख्या 09351 उज्जैन-इंदौर पैसेंजर स्पेशल 20 अक्टूबर से उज्जैन से सुबह 6 बजे चलेगी तथा फतेहाबाद सुबह 6.32 और अजनोद 7.08 पहुंचेगी। दोनों स्टेशन पर दो मिनट का ठहराव रहेगा। इसके अलावा प्रयागराज से 20 अक्टूबर से चलने वाली गाड़ी संख्या 14116 प्रयागराज-डॉ. आंबेडकर नगर एक्सप्रेस उज्जैन स्टेशन सुबह 6.40 पहुंचेगी और 10 मिनट बाद इंदौर के लिए रवाना होगी।

# विधानसभा निर्वाचन 2023: आगामी विधानसभा निर्वाचन की तैयारी को लेकर कलेक्टर ने प्रभारी अधिकारियों से ली जानकारी 31 बिन्दुओं पर हुई गहन चर्चा

### रिपोर्टर उमेश तिवारी

कोरिया /कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी श्री विनय कुमार लगेह ने आगामी विधानसभा निर्वाचन की तैयारी पर जुटे सभी प्रभारी अधिकारियों एवं सहायक प्रभारी अधिकारियों को नए सिरे से सौंपे गए कार्यों की समीक्षा की। श्री लगेह ने सभी अधिकारियों से एक-एक जानकारी से मुखातिब हुए। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ आशुतोष चतुर्वेदी की जिम्में मतदान दलों के गठन, मतदान दलों के रवानगी, वापसी, माइक्रो आब्जर्वर, सेक्टर ऑफिसर, मास्टर ट्रेनर का गठन व उनके बीच समन्वय कर कार्य संचालन, स्वीप के अंतर्गत मतदाताओं के जागरूकता हेतु, निर्वाचन कार्य के विभिन्न गतिविधियों हेतु प्रशिक्षण व समीक्षा बैठक आयोजित करना है। संयुक्त कलेक्टर श्री नीलम टोप्पो को निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण के तहत गठित किए गए एफ.एस.टी., व्ही.एस.टी., व्ही.व्ही.टी. के नोडल अधिकारी, नाम निर्देशन, नामांकन, चुनाव चिन्ह, नाम वापसी, संवीक्षा की जानकारी भेजने, कानून व्यवस्था व अनुमति, एम.सी.सी. (आदर्श आचरण संहिता का पर्यवेक्षण एवं स्टैंडिंग कमेटी की कार्यवाही, सम्पत्ति विरूपण की जिम्मेवारी दी गई है। श्रीमती नन्दिनी साहू, उप जिला निर्वाचन अधिकारी को मतदान की चिन्हित प्रति तैयार कराना होगा। श्रीमती अंकिता सो , अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को मतदान दलों के परिवहन हेतु वाहनों व पीओएल की व्यवस्था की जिम्मेदारी दी गई है। श्री राकेश साहू, डिप्टी कलेक्टर को ईव्हीएम व व्हीव्हीपीएटी के सुरक्षा, प्रबंधन जैसे कार्यों को कराने की जिम्मेदारी है। समीक्षा बैठक में निर्वाचन कार्यों से जुड़े मानव संसाधन, प्रबंधन, प्रशिक्षण प्रबंधन, सामग्री प्रबंधन, कम्प्युटराइजेशन, साइबर सिक्योरिटी और आईटी, स्वीप नोडल अधिकारी, कानून व्यवस्था, ईव्हीएम मैनेजमेंट, एमसीसी नोडल अधिकारी,




व्यय निगरानी, बैलेट पोस्टल पेपर, एमसीएमसी, कम्युनिकेशन प्लान, मतदाता, शिकायत और मतदाता हेल्पलाइन आदि के नोडल अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में उन्होंने सभी रिटर्निंग अधिकारियों को आवश्यक तैयारी के निर्देश देते हुए सेक्टर अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने नाम-निर्देशन के लिए आवश्यक तैयारी करने के साथ ही निर्वाचन से संबंधित कार्यों को भी समय सीमा में पूर्ण कराने के निर्देश दिए। बैठक में नोडल अधिकारी द्वारा राज्य स्तरीय प्रशिक्षण से संबंधित जानकारी दी गई। उन्होंने वाहन व्यवस्था, वीडियोग्राफी फोटोग्राफी करने, मतदान केन्द्रों तक मतदान दलों को लाने ले जाने, डाक मत पत्र सेवा निर्वाचकों व मतदान कर्मियों को समय सीमा में प्रशिक्षण देने, निर्वाचन से संबंधित कार्य के लिए ड्यूटी लगाने, इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन का रेंडमाइजेशन करने, वीवीपैट के अभिलेखों का संधारण करने, मतदान दलों को प्रशिक्षण देने, मतदान सामग्री वितरण करने, प्रशिक्षण देने की जानकारी दी। प्रशिक्षण के लिए मास्टर ट्रेनिंग की व्यवस्था करने कहा। मीडिया प्रमाणन व निगरानी समिति को सुचारू संचालन व सामान्य प्रेक्षक, व्यय प्रेक्षक की लाइजिनिंग ड्यूटी लगाने संबंधी भी निर्देश दिए। बैठक में डिप्टी कलेक्टर श्रीमती चांदनी कवर, श्री तुलाराम भरद्वाज, श्री विनय कश्यप श्रम पदाधिकारी श्री समीर मिश्रा, कार्यपालन अभियंता जल संसाधन के श्री सुनीन आमेजा, जिला खाद्य अधिकारी, जिला जनसम्पर्क सहायक संचालक श्री मुक्ति प्रकाश बेक तथा सहायक जनसम्पर्क अधिकारी श्री एलडी मानिकपुरी उपस्थित रहे।

## कलेक्टर श्री लंगेह ने समस्या, समाधान, सुझाव व सहयोग पर दिए दिशा-निर्देश



गंगाधर चौधरी

**शहडोल।** आगामी नवंबर माह में होने वाले विधानसभा चुनाव में शहडोल जिले के जैतपुर विधानसभा क्षेत्र 85 से भारतीय जनता पार्टी का प्रत्याशी घोषित किए जाने पर जयपुर विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं में जश्न का माहौल द देखा जा रहा है। जय सिंह मरावी भाजपा प्रत्याशी घोषित होने के बाद विधानसभा क्षेत के कार्यकर्ताओं से मुलाकात करने पर उनका जगह-जगह गुलदस्ता फूल मालाओं मिष्ठान खिलाकर पटाखे फोड़ कर गर्म जोशी स्वागत किया और विजय दिलाने का संकल्प लिया । गिरवा अमलाई टेघा रूपौलॉ केशवाही बिजुरी के कार्यकर्ताओं से रूबरू हुए जहां उन में भारी उत्साह देखा गया। बीबी सिंह कामता प्रसाद शर्मा जागेंद्र सिंह नीरज सीताराम अशोक मिश्रा शाहिद भारी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे ।

**पहली आवाज जिला ब्यूरो सिंह मरावी को विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी बनाए जाने से कार्यकर्ताओं में जश्न का माहौल। क्षेत्र में गर्म जोशी हुआ स्वागत**

## सीए के पैनकार्ड से शातिर ने बनाई फर्जी कंपनी, हैदराबाद में कर रहा था करोड़ों का कारोबार, ऐसे हुआ भंडाफोड़




**रायपुर।** राजधानी रायपुर के विधानसभा थाना क्षेत्र में एक सीए के पैनकार्ड का उपयोग कर जीएसटी रजिस्ट्रेशन करते हुए फर्जी कंपनी बनाकर करोड़ों रुपये का कारोबार करने का मामला सामने आया है। थाना पुलिस के साथ ही इस बात की शिकायत जीएसटी विभाग में भी कर दी गई है। थाना पुलिस इस मामले में अपराध दर्ज कर जांच में जुट गई है। मालूम हो कि पिछले दिनों ऐसे ही एक मामले में एक डाक्टर ने भी शिकायत दर्ज कराई थी कि उसके पैनकार्ड का उपयोग कर फर्जी कंपनी खड़ी कर दी गई है। विधानसभा थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार स्वर्णभूमि कालोनी निवासी अंकित बांगर ने शिकायत दर्ज कराई है कि उनके पैनकार्ड का उपयोग कर जीएसटी नंबर लेते हुए फर्जी कंपनी बनाई गई है और करोड़ों का कारोबार किया जा रहा है। अपनी शिकायत में अंकित ने बताया कि उनका ट्रांसपोर्टिंग का व्यवसाय है और वे सीए हैं। वर्ष 2020-21 में आयकर की जानकारी देते समय उन्हें जानकारी मिली कि अज्ञात व्यक्ति ने मेरे पैनकार्ड का दुरुपयोग कर जीएसटी नंबर लेकर अवैध रूप से धोखाधड़ी पूर्वक हैदराबाद में कारोबार कर रहा है। अंकित ने बताया कि कंपनी द्वारा फर्जी डिजिटल हस्ताक्षर करके, डिजिटल सर्टिफिकेट, फर्जी जीएसटी रजिस्ट्रेशन कर लेनदेन किया जा रहा है। साथ ही उनकी आइडी भी हैक कर आडिट रिपोर्ट फाइल की जा रही है।

# अवैध रेत भण्डारणकर्ताओं के विरुद्ध खनिज नियम के तहत प्रकरण दर्ज



**शहडोल।** जिले के ब्यौहारी क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम बुडवा एवं आसपास के क्षेत्र में रेत के अवैध उत्खनन की प्राप्त ? शिकायतों की जाँच हेतु कलेक्टर श्रीमती वंदना वैद्य के आदेश के पालन में खनि अधिकारी श्री देवेन्द्र पटले निर्देशानुसार दिनांक 07.10.2023 को संयुक्त रूप से खनिज, राजस्व, पुलिस अमले के द्वारा आमजन से प्राप्त शिकायतों के आधार पर तहसील ब्यौहारी के ग्राम बुडवा, सथनी एवं जनकपुर के कुल 08 अलग अलग जगहों पर रेत के अवैध भण्डारण को मौके से जप्त कर स्थानीय जनप्रतिनिधियों को सुपुर्दगी में दिया गया था । राजस्व अभिलेखों एवं मौके पर उपस्थित लोगों के कथन अनुसार, अवैध रेत भण्डारित स्थल के भूमि स्वामियों रामकिशोर खैरवार, पन्नालाल गुप्ता, द्वारिका शर्मा, सुन्दर सिंह गहरवार, अभिषेक तिवारी, रामदयाल तिवारी, कृष्णकुमार, शिवकुमार है, जिनकी भूमि पर पुष्पेन्द्र तिवारी, कामता यादव, रिन्कू पाण्डेय, अवैध भण्डारण किया गया । अवैध रेत भण्डारण किये जाने के फलस्वरूप भूमि स्वामियों / अवैध भण्डारणकर्ताओं के विरुद्व खनिज नियम के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। अवैध रूप से जप्त शुदा खनिज रेत की चोरी होने की लगातार शिकायत प्राप्त होने पर कलेक्टर श्रीमती चन्दना वैद्य के आदेशनुसार दिनांक 12.10.2023 को राजस्व, खनिज एवं पुलिस विभाग के अमले के द्वारा अवैध रूप से जप्त भण्डारित खनिज रेत को सुरक्षा की दृष्टि से विभिन्न वाहनों के माध्यम से स्थानीय रोड़ ठेकेदार ब्यौहारी के यहाँ सुरक्षित रखवाया जा रहा है।

# पीआरएसयू में पहली बार 50 हजार विद्यार्थी देंगे पूरक परीक्षा, दो विषयों में फेल छात्रों को मौका देने से बढ़ी संख्या



**रायपुर।** पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय की पूरक परीक्षाओं के लिए समय-सारणी जारी हो चुकी है। 27 अक्टूबर से शुरू हो रही पूरक परीक्षाओं में पहली बार लगभग 50 हजार छात्रों के शामिल होने की संभावना है। पूरक की पात्रता संबंधी नया नियम लागू होने के बाद छात्रों की संख्या बढ़ी है। नए नियम के मुताबिक दो विषयों में फेल छात्रों को पूरक की पात्रता दी जा रही है। विश्वविद्यालय की बीए, बीएससी, बीकाम, बीसीए समेत अन्य कक्षाओं की वार्षिक परीक्षाओं में लगभग सवा लाख छात्र-छात्राएं शामिल हुए थे। इनमें से 50 हजार छात्र-छात्राएं पास और 50 हजार फेल घोषित हुए थे। वहीं 25 हजार छात्र-छात्राएं पूरक हैं। जो छात्र फेल हुए हैं उनमें से करीब 25 हजार छात्र ऐसे हैं जो दो विषयों में फेल हैं। इस वजह से अब लगभग 50 हजार छात्र पूरक परीक्षा में शामिल होंगे। छात्रों की मांग पर सिर्फ इस वर्ष के लिए दो विषयों में फेल छात्रों को पूरक की पात्रता देने का निर्णय लिया गया है। पहले पूरक परीक्षा में छात्रों की संख्या कम होने कारण परीक्षा लगभग 10 से 15 दिन में पूरी हो जाती थी, लेकिन इस बार छात्रों की संख्या ज्यादा होने के कारण परीक्षा लंबी चलेगी। पूरक परीक्षाओं के लिए आवेदन प्रक्रिया भी चल रही है। पीआरएसयू की पूरक परीक्षाओं के लिए आनलाइन आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। पूरक परीक्षा के फार्म 16 अक्टूबर तक आनलाइन भरे जाएंगे। इससे संबंधित जानकारी www.prsuuniv.in पर देख सकते हैं। 27 अक्टूबर से परीक्षा शुरू होगी। परीक्षाओं में गेप कम दिया गया है। रविवार और अन्य एक-दो दिन छोड़कर छुट्टी नहीं है। पूरक परीक्षाओं की तैयारी अगस्त में की गई थी। आवेदन भी मंगाए गए थे। लेकिन दो विषय में पूरक की पात्रता संबंधी नियम की वजह से तब परीक्षा आयोजित नहीं की गई।

### 27 दिनों तक चलेंगी पूरक परीक्षाएं

पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय की पूरक परीक्षाओं के लिए समय-सारणी जारी हो चुकी है। इसके मुताबिक इस बार पूरक परीक्षाएं 27 दिन तक चलेंगी। बीएससी की परीक्षा 27 अक्टूबर से 22 नवंबर तक आयोजित की जाएगी। बीए की परीक्षा 27 अक्टूबर से 21 नवंबर तक। बीकाम और बीसीए की परीक्षा 27 अक्टूबर से नौ नवंबर तक होगी। जबकि बीएससी होमसाइंस की परीक्षा 27 अक्टूबर से सात नवंबर तक आयोजित की जाएगी।

# आर्टिस्ट ने नाखूनों पर उकेर दी इसरो और चंद्रयान की ऐतिहासिक तस्वीर



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के रायपुर की रहने वाली नेल आर्टिस्ट अनुभूति खन्ना ने अपने नाखून पर अपनी कला का शानदान नमूना दिखाया है। जब पूरा देश एक ओर चांद पर चंद्रयान-3 की लैंडिंग का इंतजार कर रहा है, अनुभूति ने अपने नाखून पर नेल आर्ट के जरिए चंद्रयान-3 की लैंडिंग का चित्रण किया है। अनुभूति खन्ना ने चंद्रयान-3 की चंद्रमा पर लैंडिंग के क्षणों को ऐतिहासिक बताया है। भारत और इसरो की इस उपलब्धि को उन्होंने नेल आर्ट के जरिये व्यक्त किया है। वे इस मिशन के पूरा होने को लेकर अनुभूति उत्साहित हैं। वहीं लोगों ने अनुभूति के इस कला की खूब प्रशंसा की। किशोरी की मांग में जबरन भरा सिंदूर, पहनाया मंगलसूत्र फिर बोला- अब हम पति-पत्नी हो गए, और किया दुष्कर्म, कोर्ट ने सुनाई कठोर सजाकिशोरी की मांग में जबरन भरा सिंदूर, पहनाया मंगलसूत्र फिर बोला- अब हम पति-पत्नी हो गए, और किया दुष्कर्म, कोर्ट ने सुनाई कठोर सजा रायपुर एनआइटी के साथ विज्ञान केंद्र में होगा चंद्रयान-३ की लैंडिंग का सीधा प्रसारण नेल आर्ट में उन्होंने इसरो के वैज्ञानिकों को देश को गौरवान्वित करने वाला समय देने, उनकी मेहनत और प्रयासों के लिए धन्यवाद दिया है। अनुभूति को बचपन से कला के विभिन्न रूपों में दिलचस्पी रही है। वह अपने नाखून को बढ़ाकर नेल पालिश से विभिन्न डिजाइन और पैटर्न बनाती हैं। भाजपा नेता अमित चिमनानी के नेतृत्व में चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग की कामना के साथ मंगलवार को बीटीआइ मैदान में हवन किया गया। चिमनानी ने कहा कि चंद्रयान-3 आज के भारत का एक ऐसा प्रतीक है, जो दुनिया को भारत की तस्वीर दिखा रहा है। देशवासी चाहते हैं कि भारत एक ऐसा इतिहास लिखे जो विकसित देशों की केवल कल्पना में ही है।

# ताजमहल हो गया जिला निर्वाचन कार्यालय का मीडिया कम्युनिकेशन एंड मानीटरिंग सेल



**जबलपुर।** कलेक्टर कार्यालय के कक्ष क्रमांक दो का कायाकल्प बीते करीब तीन महीनों से चल रहा है। यहां जिला निर्वाचन कार्यालय के मीडिया कम्युनिकेशन एंड मानीटरिंग सेल (एमसीएमसी) की स्थापना की जानी थी। उम्मीद रही कि आचार संहिता लगने तक यह काम कम्पलीट हो जाएगा। लेकिन, अब तक नहीं हो पाया है। काम की रफ्तार को देखकर लग नहीं रहा है कि एकाध पखवाड़े में भी यह काम पूरा हो पाएगा। इस कक्ष के कायाकल्प की रफ्तार को देखते हुए लोगों ने इसकी तुलना ताजमहल के निर्माण से भी करने लगे हैं।

कलेक्टर कार्यालय परिसर में बीते तीन महीने से कक्ष क्रमांक दो का फर्श तोड़कर नई टाइल्स बिछाने एवं नई सीलिंग लगाने का काम चल रहा है। इस काम को आचार संहिता लागू हाने से पहले पूर्ण हो जाना था। इसी कक्ष में मीडिया कम्युनिकेशन एंड मानीटरिंग सेल की स्थापना की जानी है। 12 अक्टूबर, यानि आचार संहिता लागू होने के तीन दिन बाद तक इस कक्ष का काम पूरा नहीं हो पाया। यहां काम में लगे मजदूरों का कहना है कि उनको नहीं पता कि यह काम कब तक पूरा हो पाएगा। अभी न तो सीलिंग कम्पलीट हो पाई है और न ही फर्श का काम पूरा हो पाया है। काम की स्थिति और रफ्तार को देखते हुए नहीं लगता कि यह काम पखवाड़ा भर में भी पूरा हो पाएगा।

### दूसरी जगह बनाई सेल

इस काम की कच्छप गति को देखते हुए एमसीएमसी की स्थापना फिलहाल दूसरी जगह कर दी गई है। यह व्यवस्था इस समय कलेक्टर कार्यालय के ही प्रथम तल पर स्थित कक्ष क्रमांक-96 में की गई है। यहां भी न तो टेलीविजन का इंतजाम किया गया है और न ही केबल कनेक्शन की व्यवस्था कराई गई है। यद्यपि जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देश पर एमसीएमसी में नियोजित अधिकारियों-कर्मचारियों ने आमद दे दी है।

पांच हजार से ज्यादा एलइडी या तो बंद हो गई या फिर बंद-चालू हो रही है

# शहर को रोशन के लिए तीन करोड़ से एलइडी खरीदी, तीन माह में ही बंद हो गई

**भोपाल।** शहर की गलियों-मोहल्लों को रोशन करने खरीदी गई तीन करोड़ रुपए की एलइडी लाइट्स तीन माह में ही खराब होने लगी है। करीब 30 फीसदी लाइट्स में शिकायतें हैं। जिन क्षेत्रों में इन्हें लगाया गया था वहां या तो ये बंद हो गई या फिर लगातार खुद ही बंद चालू हो रही। यानि खराब होने वाली है। ऐसे में इन लाइट्स की खरीदी और गुणवत्ता पर सवाल खड़े हो रहे हैं। महापौर परिषद ने विशेषरूप से इन लाइट्स की खरीदी के लिए मंजूरी दी थी। जब पार्षदों को अपने-अपने क्षेत्रों में दस से 20 लाइट्स लगवाने का कहा था, बाकी निगम की विद्युत शाखा के इंजीनियरों ने अपने हिसाब से लगाई। मामले में काफी विवाद भी हुआ था। गुणवत्ता पर सवाल भी उठे थे, लेकिन खरीदी हुई और अब ये खराब हो रही है। करीब पांच हजार लाइट्स खराब होने की स्थिति में है।



### शहर में स्ट्रीट लाइट

इस समय शहर में करीब 40 हजार स्ट्रीट लाइट्स है। 20 हजार लाइट स्मार्टसिटी ने स्थापित कराई थी, जबकि इतनी ही नगर निगम के आधिपत्य की थी। लाइट्स का संचालन बीते साल ही पूरी तरह स्मार्टसिटी के सुपूर्द कर दिया गया। नगर निगम और स्मार्टसिटी में एक ही इंजीनियर को इसका जिम्मा दिया है और पूरी खरीदी उनके माध्यम से ही की गई।

# शहर में 700 स्थानों सजेगी झांकी

» राजधानी में माता रानी के पूजन की तैयारियां तेज...15 से शुरू हो रहे शारदीय नवरात्र



**भोपाल।** शारदीय नवरात्र शुरू होने में अब चंद दिन शेष बचे हैं। शहर में कई जगह पर जहां बड़े पंडाल लगाए जाते हैं वहां पर तैयारियां शुरू हो गईं हैं। गरबों के अलग-अलग पंडाल लगेंगे। शहर में ही बिट्टन मार्केट, विजय मार्केट, इंद्रपुरी, न्यू मार्केट, कोटरा सुल्तानाबाद, टीला, दस नंबर मार्केट, करोद सहित करीब 60 स्थानों पर छह से पंद्रह फीट तक की बड़ी मूर्तियां स्थापित की जाती हैं। वहीं छोटे पंडाल शहर में करीब 700 से ज्यादा स्थानों पर बनाए जाते हैं। नवरात्र के नौ दिनों में इन पंडालों में पांच से सात लाख की भीड़ दर्शन के लिए आती है। लेकिन इनकी सुरक्षा को लेकर कोई इंतजाम नहीं होते हैं। यहां तक की इनके लिए जरूरी अनुमति से लेकर विभाग के इंस्पेक्टर तक जांच नहीं करते हैं। पिछले नवरात्र में ही बैरागढ़, करोद में अलग-अलग हादसों में दो लोगों की करंट लगने से मृत्यु हो गई थी। पंडाल, सिनेमाघर से लेकर बहुमंजिला इमारतों, मेले व इसी तरह के अन्य आयोजनों में जहां लोगों की भीड़ जाती है, वहां आगजनी न हो, किसी को करंट न लगे। इसकी सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने इलेक्ट्रिकल इंस्पेक्टर डिपार्टमेंट की जिम्मेदारी है। इसका दफ्तर सतपुड़ा भवन में है। लेकिन ये विभाग कोई काम नहीं करता। हाल में गणेशात्सव की करीब दो हजार झांकियों के पंडाल लगाए थे, खूब विद्युत सज्जा की थी, लेकिन जांच एक में भी की।

### ये कहता है नियम


कोई भी झांकी, गरबा पंडाल हाईटेंशन लाइन के नीचे नहीं बनेगा, अगर आस-पास लाइन है तो वह दस से पंद्रह मीटर दूर लगेगा। झांकी या पंडाल का इलेक्ट्रिक ऑडिट कराना होगा, इसमें कोई तार जमीन पर नहीं पड़ा होना चाहिए, कोई तार कटा फटा नहीं हो।- जहां से लोगों का आना-जाना होता है उस रास्ते पर नीचे से भी तार नहीं डालें, उसे घुमाकर दूसरी तरफ से लाया जाए। अगर कोई बिजली से चलने वाला यंत्र है और उसमें चिंगारी निकलती है तो उसे जनता से पांच से सात फीट दूर रखा जाए।- झांकियों के लिए अलग से अस्थाई कनेक्शन लेना अनिवार्य है, कई बार मेन तार में जंपर डालकर सीधे तार डाले जाते हैं। शासन ने 27 मई 2017 को इस संबंध में नोटिफिकेशन जारी कर इलेक्ट्रिकल इंसपेक्टर डिपोर्टमेंट के निरीक्षकों को इसकी जिम्मेदारी दी है। इनका काम सिनेमाघर, बहुमंजिला इमारत, उपभोक्ताओं की संस्थापनाएं जैसे अस्थाई पांडाल, लिफ्ट, एक्सकेलेटर की जांच करना है।

15 अक्टूबर के बाद असर दिखाएगी ठंड

# पश्चिमी विक्षोभ के असर से बदलेगा मौसम का मिजाज

भोपाल। मध्य प्रदेश के 95 फीसदी से अधिक क्षेत्र से मानसून विदा हो गया है। रविवार को पूर्वी मध्य प्रदेश के कुछ और जिलों से मानसून ने रवानगी ली। इसी के साथ मौसम विभाग ने अनुमान जताया है कि अब प्रदेश में कहीं भी मानसूनी वर्षा के कोई आसार नजर नहीं आ रहे। रविवार को भी प्रदेश की सभी जिलों का मौसम शुष्क बना रहा। लेकिन यह मौसम ज्यादा दिन तक टिकने वाला नहीं है। आज से एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो रहा है। इसके असर से प्रदेश में कहीं-कहीं बादल छाए रह सकते हैं। कहीं बूंदाबांदी के आसार भी हैं। वहीं 15 अक्टूबर के बाद ठंड का असर दिखाई देने का अनुमान है।

भोपाल में लगातार कुछ दिनों से अधिकतम तापमान में वृद्धि होने से लोगों को भारी गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। कई सालों बाद ऐसा हुआ है कि इस सीजन में अक्टूबर की शुरुआत में ही भोपाल का अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंचा है।



### न्यूनतम तापमान में भी उछाल

अधिकतम तापमान के साथ साथ ही न्यूनतम तापमान में भी बढ़त दिखाई दे रही है। प्रदेश के कई जिलों का न्यूनतम तापमान इस समय गिर जाना चाहिए था, लेकिन बजाय इसके तापमान में बढ़त देखी जा रही है। जबलपुर में न्यूनतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस तक रिकार्ड हुआ। टीकमगढ़ में 23, भोपाल में 19.8 डिग्री सेल्सियस तापमान रिकार्ड हुआ। इस कारण लोगों को रात में भी बेचैनी का एहसास हुआ।

### आज से बदल सकता है मौसम

मौसम विभाग ने सोमवार को भी पूरे मध्य प्रदेश का मौसम शुष्क बने रहने का अनुमान जताया है। हालांकि उत्तर भारतीय राज्यों में पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने के कारण वहां से नमी मध्य प्रदेश की ओर आएगी, इस कारण प्रदेश में कहीं-कहीं छिटपुट बूंदाबांदी हो सकती है। इस दौरान दिन और रात के तापमान में गिरावट होने का भी अनुमान है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार इस दौरान भोपाल, इंदौर, उज्जैन सहित आसपास के जिलों में रात के तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की बढ़त हो सकती है।

# चुनाव आ गए... अब चालान की चिंता नहीं



**भोपाल।** पिछले दो महीने यातयात के नियम तोडऩे वालों पर चालानी कार्रवाई ढीली है। इसलिए वाहन चालक बेफिक्र हो रहे हैं। ट्रैफिक पुलिस के सामने रान्ग साइड, तीन सवारी और बिना हेलमेट निकलने से लोगों को डर नहीं है। क्योंकि उन्हें पता है चुनाव आ गए। पुलिस रोकेगी तो चुनावी मैदान में उतरने की तैयार कर रहे नेता उनकी पैरवी में हैं। वैसे भी पुलिस को अंदरूनी हिदायत मिल चुकी है चुनाव तक चालान पर ध्यान नहीं देना है। इसलिए चालानी कार्रवाई का ग्राफ भी नीचे आया है। हालांकि यातयात पुलिस अधिकारी इसके पीछे वीआइजी विजिट को वजह गिना रहे हैं।

### त्यौहार पर बिगड़ेंगे हालात

चुनाव और दीपावली का त्यौहार लगभग आसपास रहेगा। ऐसे में हालात बाजारों के हालात ज्यादा बिगडेंगे। श्राद्ध पक्ष के बाद बाजारों में खरीदारों की भीड़ होगी। ऐसे पुलिस नो पार्किंग से गाड़ी सोच समझ कर उठाएगी। यातायात पुलिसकर्मी कहते हैं आमतौर पर वाहन चेकिंग और नो पार्किंग से गाड़ी उठने पर इन्हें बिना चालानी कार्रवाई के छोडऩे के लिए लगभग 20 से 40 कॉल आते हैं। लेकिन अब चुनाव आने वाले हैं तो सिफारिश से गाड़ी छुडवाने वालों की तादात बढ़ गई है। इनमें पार्षद से लेकर बड़े राजनेताओं के पीए तक शामिल हैं।

राजनीति | स्थानीय क्षेत्र में जनप्रतिनिधियों के विधानसभा टिकट घोषित किए जा रहे हैं

# कई मंत्रियों के टिकट कटेंगे, सर्वे के आधार पर टिकट

**भोपाल। भाजपा ने अभी तक तीन सूचियों के माध्यम से 79 प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है। प्रत्याशियों को देखकर यह तो साफ है कि टिकट वितरण के मामले में इस बार भाजपा ने निष्पक्षता दिखाई है। टिकट वितरण से पहले भाजपा ने कई सर्वे कराए हैं, वहीं चार बाहरी राज्यों के विधायकों को फील्ड में पहुंचाकर वास्तविक स्थितियों को जाना है। बाहरी विधायकों की रिपोर्ट के आधार पर ही स्थानीय क्षेत्र में जनप्रतिनिधियों के विधानसभा टिकट घोषित किए जा रहे हैं।**

ऐसे में माना जा रहा है कि चौथी सूची और उसके बाद की अन्य सूचियों में चौकाने वाले नाम हो सकते हैं। वहीं कई मंत्रियों के टिकट पर भी कैची चलाई जा सकती है।



इसलिए भाजपा में चौथी सूची का बेसब्री से इंतजार है। मप्र विधानसभा चुनाव में अब ज्यादा दिन शेष नहीं है। जल्द ही आदर्श आचार संहिता लगेगी। सत्ताधारी दल भाजपा एक के बाद एक चौंकाने वाले काम कर रही है। भाजपा ने जहां कांग्रेस से पहले अपनी तीन सूचियां जारी कर कर दी है, वहीं दूसरी सूची में तीन केन्द्रीय मंत्री, 4 सांसद और एक राष्ट्रीय महासचिव को मैदान में उतारकर देश भर की राजनीति में हल चल मचा दी है। बताया जा रहा है कि भाजपा की चौथी सूची भी सभी को चौका देगी।

### सर्वे में कई मंत्रियों की स्थिति चिंताजनक

राजनीति के जानकारों द्वारा कयास लगाए जा रहे हैं भाजपा की चौथी सूची गुजरात फार्मुले पर आधारित होगी। यानी इस सूची में मंत्रियों की स्थिति का पता चल जाएगा। दरअसल, पार्टी ने जो सर्वे कराया है उसमें कई मंत्रियों की स्थिति चिंताजनक बताई गई है। भाजपा के मौजूदा सर्वे ने सूबे के कई मंत्रियों के टिकट में रोड़ा अटका दिया है। इन मंत्रियों को चुनाव लड़ाने के लिए गुजरात फार्मूले के आधार पर निर्णय हो सकते हैं, जिसमें मंत्रियों के विधानसभा क्षेत्र एक्सचेंज किए जा सकते हैं। इससे पार्टी के निर्णयकर्ताओं को पशोपेश में डाल दिया है। सूत्रों की मानें तो जन आशीर्वाद यात्रा के आधार पर भाजपा ने जो सर्वे कराया है, उसमें एक दर्जन से ज्यादा मंत्रियों की हालत पतली बताई जा रही है। इनमें से कुछ मंत्रियों को घर बैठाने की तैयारी हो रही है, तो कुछ मंत्रियों को गुजरात पैटर्न पर दूसरे क्षेत्रों से मैदान में उतारने की तैयारी की जा रही है। इसमें ये देखा जा रहा है कि दूसरे क्षेत्र से चुनाव लडऩे से नतीजे प्रभावित तो नहीं होंगे और वहां किसी भी तरह की भीतरघात तो नहीं होगी।

# शहर का कुख्यात और गोलीकांड का फरार इनामी बदमाश जुबैर मोलाना गिरफ्तार, निकाला जुलूस

**भोपाल।** राजधानी की क्राइम ब्रांच टीम ने कुख्यात फरार इनामी बदमाश जुबैर मौलाना को रविवार-सोमवार की दरमियानी देर रात को गिरफ्तार कर उसका जुलूस निकाला। आरोपी को टीम ने उसे समय दबोच लिया जब वह शहर से बाहर भागने की फिराक में था। पुलिस ने बदमाश के पास से अवैध हथियार भी बरामद कनकिए हैं। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक ऐशबाग में रहने वाले कुख्यात बदमाश जुबैर मौलाना ने करीब एक महीने पहले अपने गुर्गों से एमपी नगर थाना क्षेत्र में कबाड़े का काम करने वाले निगरानी बदमाश नफीस अदालत पर गोली चलवाई थी। मामले में गोली चलाने वाले बदमाश फरार हैं, जिनकी पुलिस सरगर्मी से तलाश कर रही है। वहीं फरार आरोपी पर जुबैर की गिरफ्तारी पर एमपी नगर पुलिस ने पांच हजार रुपए का इनाम घोषित किया था। पुलिस को रविवार देर रात मुखबिर से सूचना मिली कि बदमाश जुबैर मौलाना भोपाल से बाहर भागने की फिराक में है। खबर मिलते ही पुलिस टीम ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया।

# 34 लाख के धोखाधडी के आरोपी की तलाश में बैतूल से आई पुलिस



**परासिया।** 34 लाख के धोखाधडी के आरोपी को तलाशने के लिए बैतूल से पुलिस आज परासिया पहुंची। पुलिस को आरोपी नहीं मिला। आरोपी के महाराष्ट्र में होने की जानकारी मिली। बैतूल से सब इंस्पैक्टर जांच के लिए पहुंचे। परासिया निवासी युवक ने बैतूल में लोगों से लोन के नाम पर रुपए लिए और काम नहीं किया। लोगों की राषि युवक ने लोगों को नहीं लौटाई। परासिया में भी युवक के खिलाफ शिकायतें है। युवक लोगों से लोन के नाम पर राशि लेता है।

बाद में आधी राशि लौटा देता है। शेष राशि खर्च होने की बात करता है। बैतूल में कई शिकायतों के बाद पुलिस आज आरोपी को तलाशने पहुंची।

## चौंकाने वाली घटना...

# कबड्डी मैच में पड़ा दिल का दौरा, 20 साल की उम्र में कॉलेज स्टूडेंट की मौत

**इंदौर।** इंदौर में चौंकाने वाला मामला आया है। एक 20 साल के स्टूडेंट की कबड्डी मैच के दौरान ही मौत हो गई। मैच के ट्रायल्स चल रहे थे और उसने ट्रायल्स में जैसे ही भाग लिया उसे घबराहट होने लगी। वह मैदान के बाहर जाकर बैठ गया और दोस्तों को अपनी परेशानी बताई। कुछ देर के बाद उसे उल्टियां शुरू हो गईं। दोस्त तुरंत उसे गाड़ी पर लेकर अस्पताल की ओर भागे लेकिन बचाया नहीं जा सका। गौरतलब है कि कुछ दिन पहले एक स्कूल की छात्रा को भी कार्यक्रम के दौरान दिल का दौरा cardiac arrest पड़ा था और उसकी जान चली गई थी। देश में हार्ट अटैक आने से अचानक मौत होने की खबरें अब आम हो गई हैं। इसी तरह का मामला इंदौर के वैष्णव



इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट में देखने को मिला है। कबड्डी मैच सिलेक्शन राउंड के दौरान बीबीए फाइनल ईयर के स्टूडेंट तेजस चौबे को अचानक हार्ट अटैक आ गया। कॉलेज के डायरेक्टर डॉक्टर जॉर्ज थॉमस ने बताया कि सोमवार सुबह कॉलेज में मैच के लिए सिलेक्शन राउंड चल रहा था। तेजस आम दिनों की तरह प्रैक्टिस कर रहा था और पूरी तरह फिट था। वह वार्मअप के बाद मैदान में आया था। कुछ देर के बाद ही तेजस को अचानक गिरता देख वहां पर अफरा तफरी मच गई। सभी लोग हैरान रह गए। 20 साल के खिलाड़ी तेजस को उल्टियां हुई और अचानक गिरकर वह बेसुध हो गया।

## दो बच्चों की मां ने तीसरी बार खाया जहर

**परासिया।** ग्राम कोकट की दो बच्चों की महिला ने आज जहर खा लिया। 22 साल की महिला को उपचार के लिए परासिया अस्पताल लाया गया। अस्पताल में भी महिला अपने पति से विवाद कर रही थी। महिला इससे पहले दो बार जहर खा चुकी है। आज उसने तीसरी बार जहर खा लिया। महिला एक साल पहले कहीं चली गई थी। उसका पति उसको वापस लेकर आया। इसके बाद भी महिला ठीक से नहीं रह रही थी। पति ने बताया कि बच्चों को सास को खिलाने नहीं देती है। आज उसका पति से फिर विवाद हुआ। विवाद में उसने घर मे रखा जहर खा लिया। जहर खाने के बाद उसे परासिया अस्पताल लाया गया। अस्पताल में भी महिला पति से विवाद करती रही।

# सभी त्यौंहार पूरे धार्मिक आस्था, सद्भाव के साथ मनाएंः अपर कलेक्टर



**सागर।** सभी आने वाले धार्मिक त्यौहार पूरे सद्भाव एवं आस्था के साथ मनाएं। यह अपील शांति समिति की बैठक में अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी ने सदस्यों से की। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लोकेश कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी एवं जिला शांति समिति के सदस्य मौजूद थे। जिला शांति समिति की बैठक में अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी ने लोगों से अपील की कि आगामी सभी धार्मिक त्यौहार पूरी आस्था एवं सद्भाव के साथ मनाएं एवं जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन का सहयोग करें। उन्होंने कहा कि सभी आयोजन समितियां अपने-अपने आयोजन में संलग्न व्यक्तियों एवं पदाधिकारी की सूचीबद्ध कर उनके मोबाइल नंबर संबंधित थाना प्रभारी को दें, जिससे कि सभी आयोजनों को शांतिपूर्ण रूप से संपन्न कराया जा सके। उन्होंने कहा कि सदस्यों के अनुसार सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएगी, जिसमें पानी, सड़क, बिजली, साफ सफाई सुनिश्चित रहेगी। उन्होंने कहा कि कहीं भी कोई अव्यवस्था का सामना न करना पड़े, इसके लिए जिला प्रशासन लगातार मॉनिटरिंग करेगा। उन्होंने दुर्गा विसर्जन एवं चल समारोह के दौरान आवश्यक व्यवस्थाएं करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।

# न्यूटन पेंच नदी तट पर किया पितरों का तर्पण



**परासिया।** न्यूटन के पंच नदी के तट पर पितरों का तर्पण करने बडी संख्या में लोग पहुंच रहे है। पानी में उतरक अर्ध्य देकर तर्पण किया जा रहा है। विभिन्न समूहों में लोग पेंच नदी में जगह जगह एकत्रित होकर तर्पण करते दिख रहे है। विप्र समाज के लोग भी तर्पण के लिए नदी तट पर पहुंच रहे है। शीतल डेहरिया ने बताया कि हम यहां प्रतिवर्ष आते है। माना जाता है कि इन पंद्रह दिनों में पितृ पृथ्वी पर आते है। हिंदु संस्कृति की प्रक्रिया के तहत पितरों को प्रसन्न करने और उनका आर्शिवाद प्राप्त करने के लिए तर्पण करने और भोजन देने का काम करते है।

# पेंचव्हेली कालेज में लगी स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा



**परासिया।** पेंचवली कालेज परासिया में आज स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा का लोकार्पण किया गया। जन भागीदारी समिति ने प्रतिमा का लोकार्पण किया। जन भागीदारी अध्यक्ष प्रदीप राजपूत, प्राचार्य नंदिता त्रिवेदी वरिष्ठ अध्यापक अशोक बारसिया, समिति सदस्य बल्लू नागी, पवन सूर्यवंशी रूपेंद्र डेहरिया शेंकि नागी छात्र , छात्राएं अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

**घटना** | **रंजिश में हुआ हमला, मौके से मिले 8-10 गोली के खोल**

# ग्वालियर में दिनदहाड़े सरपंच की गोली मारकर हत्या

**ग्वालियर।** ग्वालियर जिले में बाइक सवार बदमाशों ने दिनदहाड़े फायरिंग कर एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी। हत्या के बाद हमलावर हथियार लहराते हुए मौके से भाग खड़े हुए। मृतक ग्वालियर के ही बनेरी पंचायत का सरपंच बताया गया है और इस हत्याकांड के पीछे पुरानी रंजिश को माना जा रहा है।

जानकारी के मुताबिक घटना पड़ाव थाना क्षेत्र के गांधीनगर इलाके की है। युवक अपनी कार के पास खड़ा था, तभी हमलावर आए और फायरिंग कर दी। युवक को सिर में गोली लगी, जिससे उसकी मौत हो गई। एकाएक हुए इस घटनाक्रम से





पूरा इलाका दहशत में है और मामले की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। मौके पर 8 से 10 चले हुए कारतूस भी बरामद हुए हैं। स्थानीय निवासी राजू सेंगर ने बताया कि वे अपने निवास पर थे तभी अचानक से उन्हें गोलियां चलने की आवाज सुनाई दी। जब तक वे निकलकर बाहर आए तब तक गोली चलने की आवाज बंद हो चुकी थीं और हमलावर भी भाग चुके थे। जब उन्होंने पास जाकर देखा तो एक कार के पास युवक लहूलुहान हालत में पड़ा था।

इस पर मोहल्ले के अन्य लोग भी इकट्ठे हो गए, लेकिन तब तक युवक ने दम तोड़ दिया था। युवक की पहचान विक्रम रावत के रूप में हुई, जो कि बनेरी पंचायत का सरपंच है और यहां अपने किसी केस के सिलसिले में यहां निवास करने वाले एडवोकेट प्रशांत शर्मा के यहां आया हुआ था। ग्वालियर एसपी राजेश चंदेल ने बताया कि यहां विक्रम रावत जो कि थाना आरोन के बनेरी पंचायत के सरपंच हैं और यहां किसी वकील से मिलने आए थे।

# कलेक्टर ने की प्रेस वार्ता, आचार संहिता का हुआ उल्लंघन तो होगी कार्रवाई

**रायसेन।** कलेक्टर अरविंद दुबे द्वारा कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में प्रेस वार्ता आयोजित कर विधानसभा निर्वाचन-2023 के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्वाचन कार्यक्रम की घोषणा के बारे में अगवत कराया गया। कलेक्टर दुबे ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मध्यप्रदेश विधानसभा निर्वाचन-223 की घोषणा के साथ ही तत्काल प्रभाव से आदर्श आचार संहिता प्रभावशील हो गई है। निर्वाचन कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि विधानसभा निर्वाचन के लिए अभ्यर्थियों द्वारा नाम निर्देशन जमा करने की प्रक्रिया 21 अक्टूबर से प्रारंभ होगी। नामांकन की अंतिम तिथि 30 अक्टूबर निर्धारित है। नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा 31 अक्टूबर को की जाएगी तथा अभ्यर्थी 02 नवम्बर तक नामांकन वापस ले सकेंगे। विधानसभा निर्वाचन हेतु मतदान 17 नवम्बर 2023 (शुक्रवार) को होगा तथा मतगणना 03 दिसम्बर (रविवार) को की जाएगी। इस अवसर पर एसपी विकास कुमार शाहवाल, जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमति अंजू पवन भदौरिया, एडीएम अभिषेक दुबे, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमति अमृता गर्ग,एडीशनल एसपी कमलेश कुमार खरपुसे सहित आदि मौजूद रहे।



### जिले में मतदाताओं की संख्या


रायसेन जिले में कुल 1007875 मतदाता हैं, जिनमें पुरूष मतदाताओं की संख्या 525474 है तथा महिला मतदाताओं की संख्या 482373 है। अन्य मतदाताओं की संख्या 28 हुई है। जिले में जेण्डर रेशो 918 है तथा ईपी रेशो 65.01 है।

### जिल पंचायत सीईओ ने की कार्रवाई, हटवाए राजनैतिक बैनर पोस्टर

रायसेन के सांची मार्ग पर स्थित जिला कलेक्ट्रेट में परिसर में जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी आईएएस अधिकारी श्रीमति अंजू पवन भदौरिया ने कलेक्टर के निर्देश पर कार्रवाई करते हुए कलेक्ट्रेट परिसर में राजनैतिक एवं योजनाओं से संबंधित बैनर पोस्टर हटाए जाने की कार्रवाई को अंजाम दिया एवं इस दौरान दीवारों पर लिखि गई योजनाओं को भी मिटाए जाने की कार्रवाई की गई। कलेक्टर अरविंद दुबे द्वारा सम्पति विरूपण की कार्रवाई किए जाने के निर्देश मिलते ही जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी सहित रायसेन एसडीएम व स्थानीय प्रशासन के अमले ने कार्रवाई को अंजाम दिया,जिसमें जिला कलेक्ट्रेट भारत माता चौराहे सहित रायसेन नगर के प्रमख चौक चौराहों पर कार्रवाई की गई।

### मतदान केन्द्रों की संख्या

प्रेस वार्ता में उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती अमृता गर्ग ने बताया किजिले के चारों विधानसभा क्षेत्रों में कुल 1226 मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। जिनमें विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-140 उदयपुरा में 308 मतदान केन्द्र, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-141 भोजपुर में 310 मतदान केन्द्र, विधानसभा क्षेत्रक्र मांक-142 सांची में 332 मतदान केन्द्र तथा विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-143 सिलवानी में 276 मतदान केन्द्र बनाए गए हैं।



# मेरा पिया घर आया का रिक्रिएटेड वर्जन रिलीज

एजेंसी ▶▶ मुंबई

फिल्म याराना के सुपरहिट गाना मेरा पिया घर आया का रीक्रिएटेड वर्जन रिलीज कर दिया गया है। फिल्म याराना में मेरा पिया घर आया माधुरी दीक्षित पर फिल्माया गया था। अब इस गाने का रीक्रिएटेड वर्जन रिलीज कर दिया गया है। यह गाना सनी लियोनी पर फिल्माया गया है। सनी लियोनी ने इस गाने के जरिए माधुरी दीक्षित को ट्रिब्यूट दिया है।इ गाने को नीति मोहन ने गाया है और एंबी, माया गोविंद ने लिखा है। कोरियोग्राफर विजय गांगुली ने इस डांस नंबर को दोबारा बनाया। इस गाने को मूल रूप से सरोज खान ने कोरियोग्राफ किया था। ट्रैक को मूल रूप से कविता कृष्णमूर्ति ने गाया था और संगीत अनु मलिक ने दिया था। सनी लियोनी इस गाने में जमकर डांस करते हुए नजर आ रही हैं। सनी को इस गाने में देख कर फैस उनकी तारीफ कर रहे हैं। बॉलीवुड एक्ट्रेस सनी लियोनी कई फिल्मों का हिस्सा रह चुकी हैं। इसके अलावा उन्होंने कई फिल्मों में स्पेशल नंबर भी किए हैं। एक्ट्रेस कई रियलिटी शोज का हिस्सा भी रह चुकी हैं। बॉलीवुड में कदम रखने से पहले सनी एडल्ट फिल्मों में काम करती थीं, जिसके बारे में अभिनेत्री कई बार इंटरव्यू के दौरान कई खुलासे कर चुकी हैं।




# कांगड़ा की खुशबू ने अमिताभ को भेंट की कांगड़ा पेंटिंग...

**मुंबई।** सदी के महानायक अमिताभ बच्चन को कांगड़ा पेंटिंग भा गई है। कांगड़ा की बेटी खुशबू कौन बनेगा करोड़पति के मंच पर पहुंची तो उसकी फैमिली ने अमिताभ बच्चन को कांगड़ा पेंटिंग गिफ्ट की। अब वह कांगड़ा पेंटिंग्स अमिताभ बच्चन के घर की शोभा बनेगी। अमिताभ बच्चन ने कांगड़ा पेंटिंग्स की खूब तारीफ की। फैमिली में खुशबू की मम्मी निर्मल सेठी व बहन शगुन शामिल थीं। श्रीराम आर्ट गैलरी कांगड़ा के धनीराम द्वारा बनाई गई इस पेंटिंग के मुंबई पहुंचने से पहाड़ की शान बढ़ी है। खुशबू कांगड़ा से कौन बनेगा करोड़पति में हिस्सा लेने मुंबई पहुंची थी। हालांकि वह हॉट सीट पर बैठने से मामूली दूर रही, लेकिन उसे खुशी है कि वह उस मंच तक पहुंची है, जहां पहुंचने से देश के हजारों लोग महरूम रहे हैं।

## कीर्ति ने किया कंफर्म! 15 को करेंगी बिग बॉस में ग्रैंड एंट्री

**मुंबई।** मोस्ट कंट्रोवर्सियल शो बिग बॉस अब जल्द शुरू होने वाला है। शो को लेकर फैंस काफी ज्यादा एक्साइटेड है। शो का नया प्रोमो भी जारी हो चुका है। प्रोमो को देख इस बात का साफ पता चलता है कि इस बार शो में काफी शानदार कलाकार आने वाले हैं जो कि शो की टीआरपी को काफी हाई करने वाले हैं। प्रोमो में आपको सलमान खान का एक नया अंदाज देखने को मिलेगा। वहीं आपको बता दें कि शो में इस बार बिग बॉस ओटीटी-2 के विनर एल्विश यादव की एक्स गर्लफ्रेंड कीर्ति मेहरा भी शो में एंट्री लेने वाली हैं।



# 'आर्या-3' के टीजर में बेखौफ अंदाज...

**मुंबई।** साल 2023 की मोस्ट अवेटेड वेब सीरीज 'आर्या 3' का टीजर रिलीज हो गया है। चंद मिनट के इस टीजर में सुष्मिता सेन के बेखौफ अंदाज को दिखाया गया है। बता दें, सुष्मिता सेन 'आर्या' के तीसरे पार्ट में पहले से भी ज्यादा खूंखार अवतार में नजर आने वाली हैं। इस बार वह अपने परिवार को बचाने की खातिर हर हद पार करने के लिए तैयार हैं। ट्रेलर की शुरुआत सुष्मिता सेन के एक डायलॉग से होती है। वह कहती हैं, ''जिस कहानी की शुरुआत मेरे हाथ में नहीं थी, उस कहानी का अंत तो मुझे ही करना था। लेकिन, इसका अंत इस तरह होगा, ये मैंने कभी नहीं सोचा था।'' डायलॉग के खत्म होते ही गोली सुष्मिता सेन के शरीर के आर-पार चली जाती है और वह गिर जाती हैं। 'आर्या 3' के ट्रेलर ने दर्शकों के मन में कई सारे सवाल खड़े कर दिए हैं।



# कोर्ट रूम में एक-दूसरे से भिड़ेंगे संजय-सनी

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता सनी देओल फिल्म जन्मस्थान में संजय दत्त के साथ काम करते नजर आएंगे। सनी देओल 'लाहौर 1947' पर काम शुरू करने से पहले फिल्म 'जन्मभूमि' की शूटिंग करेंगे। इस फिल्म में सनी के साथ संजय दत्त भी नजर आएंगे। इस फिल्म में सनी देओल और संजय दत्त 30 साल बाद साथ नजर आएंगे। दोनों इससे पहले क्रोध, योद्धा और क्षत्रिय जैसी फिल्मों में साथ काम कर चुके हैं। दोनों ने साथ में आखिरी बार वर्ष 1993 में प्रदर्शित फिल्म क्षत्रिय में काम किया था। फिल्म 'जन्मस्थान' कोर्ट-रूम ड्रामा है। इसका बैकड्राप राम जन्मभूमि मामले से जुड़ा हुआ है। सनी इसमें वकील के रोल में नजर आएंगे। फिल्म 'जन्मभूमि' के निर्देशक मनोज नौटियाल ने 'सनी फिल्म में वकील के रोल में हैं। इसमें उनके अपोजिट संजय दत्त नजर आएंगे।

# शक्ति दा बोले- मिथुन ने मेरे 'बाल काटे, टॉर्चर किया, मैं रोता रहा..'

**मुंबई।** श्रद्धा कपूर के पापा और बॉलीवुड के जाने-माने कलाकार और खूंखार विलेन के रूप में प्रसिद्ध शक्ति कपूर इन दिनों अपने एक इंटरव्यू को लेकर काफी चर्चा में हैं। इस इंटरव्यू में एक्टर ने अपनी पर्सनल लाइफ और मिथुन चक्रवर्ती को लेकर कई बड़े खुलासे किए हैं। शक्ति ने बताया कि मिथुन ने उन्हें इतना टॉर्चर किया था कि वो उनके पैरों में गिड़गिड़ाने लगे थे।





**मिथुन थे कॉलेज में सीनियर**

शक्ति कपूर ने हाल ही में हुए एक इंटरव्यू में अपने स्ट्रगल के दिनों को याद किया है। दिल्ली में पले-बढ़े एक्टर ने फिल्म रॉकी से अपने करियर की शुरुआत की थी। एक्टर बनने से पहले शक्ति ने फिल्म एंड टेलीविजन इंस्टिट्यूट ऑफ इंडिया से पढ़ाई भी की है। इस कॉलेज में मिथुन चक्रवर्ती उनके सीनियर थे। इस बात का खुलासा भी खुद शक्ति ने किया है।

**बहुत रैगिंग करते थे मिथुन :** शक्ति कपूर ने कॉलेज के दिनों को याद करते हुए कहा कि कॉलेज के दिनों में मिथुन चक्रवर्ती उनकी रैगिंग किया करते थे। एक्टर ने बताया कि एक बार वो राकेश रोशन, प्रमोद खन्ना और राजेश रोशन को लेकर फाइव स्टार होटल में खाना खाने गए। वहां से वो राकेश को लेकर अपने हॉस्टल में चले गए। जैसे वो हॉस्टल में घुसे तो एक लड़का एक्सरसाइज करता हुआ दिखा, वो मिथुन चक्रवर्ती थे।

## 'कमरे में बंद कर बाल काटे'

शक्ति कपूर ने इस इंटरव्यू में आगे बताया कि राकेश रोशन के जाते ही मिथुन ने उनका कॉलर पकड़ लिया और बोले, 'मैं तुम्हारा सीनियर हूं।' शक्ति के अनुसार, मिथुन उन्हें एक कमरे में ले गए और कोने में खड़ा कर दिया और फिर दो दोस्तों को बुला लिया। मिथुन ने कमरे की लाइट बंद कर दी। फिर कैंची लेकर शक्ति के बाल काट दिए। शक्ति ने कहा, 'मैं बंदर जैसा दिख रहा था। मैं रोने लगा और उनके पैर पकड़ लिए। वो मुझे स्वीमिंग पूल में ले गए और 40 लैप्स मरवाए। जब मैं रोने लगा तो मुझे ब्रेक दिया।


# फातिमा की 'धक धक' का ट्रेलर रिलीज




**मुंबई।** फातिमा सना शेख पिछले कुछ वक्त से अपनी आगामी फिल्म 'धक धक' को लेकर चर्चा में हैं। इसमें रत्ना पाठक शाह, दीया मिर्जा और संजना सांघी, फातिमा सना शेख जैसी अभिनेत्रियां भी मुख्य भूमिकाओं में हैं। अब 'धक धक' का ट्रेलर जारी कर दिया है, जो कॉमेडी के जरिए एक संदेश देता है। फिल्म की कहानी 4 ऐसी सामान्य महिलाओं पर आधारित है, जो अपने सपनों को पूरा करने के लिए एक साथ दुनिया की सबसे असाधारण यात्रा पर निकलती हैं। यह फिल्म 13 अक्टूबर को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। फिल्म 'धक धक' के तीन मिनट लंबे ट्रेलर की शुरुआत में इस कहानी के चार मुख्य कैरेक्टर के इंट्रोडक्शन से होती है, जिन्हें बाइक चलाना पसंद है। उनमें से एक, रत्ना पाठक शाह भी हैं जिनका बाइक चलाने के लिए लड़के मजाक उड़ाते हैं। फिर वे सभी दुनिया की सबसे ऊंची मोटर योग्य सड़क की ओर यात्रा शुरू करने की प्लानिंग करती हैं।

## टीसीएस, इंफोसिस, एचसीएल करेगी परिणाम घोषित

# बड़ी आईटी कंपनियों का प्रदर्शन दूसरी तिमाही में 'धीमा' रहने का अनुमान



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत की बड़ी आईटी सेवा कंपनियों का प्रदर्शन चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में 'धीमा' रहने का अनुमान है। बाजार पर नजर रखने वाले विश्लेषकों ने कहा कि ऐसा इसलिए होगा क्योंकि दुनिया भर में विवेकाधीन खर्च पर व्यापक आर्थिक चुनौतियों का प्रभाव जारी है। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) 11 अक्टूबर को और इंफोसिस तथा एचसीएल टेक्नोलॉजीज 12 अक्टूबर को अपने वित्त परिणाम घोषित करेंगी। विप्रो वित्त वर्ष 2023-24 की दूसरी तिमाही के परिणाम अगले हफ्ते 18 अक्टूबर को घोषित करने वाली है।

### दूसरी तिमाही कमजोर रहने का अनुमान

मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज ने अपने आय पूर्वावलोकन में कहा कि आईटी सेवा उद्योग की वृद्धि वित्त वर्ष 2023-24 की दूसरी तिमाही में कमजोर रहने का अनुमान है, क्योंकि व्यापक आर्थिक अनिश्चितता विवेकाधीन खर्च पर दबाव डाल रही है।

### आय वृद्धि दर एक फीसदी के करीब होगी



शेयरखान बीएनपी पारिबा ने कहा, 'हमें शीर्ष भारतीय आईटी सेवा कंपनियों की आय वृद्धि दर (स्थिर मुद्रा के आधार पर) तिमाही आधार पर -0.4 प्रतिशत से 1.1 प्रतिशत के बीच और टियर-2 आईटी कंपनियों के लिए 1.5 प्रतिशत से 4.4 प्रतिशत के बीच रहने की उम्मीद है।'

### एफएमसीजी कंपनियों की बिक्री में धीमी वृद्धि

एफएमसीजी उद्योग को खाद्य पदार्थों की बढ़ती कीमतों और कमजोर व्यापक आर्थिक स्थितियों के कारण तनाव का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में उद्योग का अनुमान है कि जुलाई-सितंबर तिमाही में वृद्धि एक अंक में रह सकती है।

### खपत की रफ्तार काफी धीमी

मैरिको, डाबर और गोदरेज कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड (जीसीपीएल) जैसी कंपनियों ने अपने तिमाही अपडेट में कहा कि हालांकि दूसरी तिमाही में खपत में सुधार हुआ है, लेकिन इसकी रफ्तार बहुत धीमी है। इसके अलावा इस साल त्योहारी सत्र पूरी तरह तीसरी तिमाही में चले जाने के कारण इससे संबंधित उठान में देरी हो रही है।

### प्रतिकूल मौसम के हालात

कंपनियों ने अपने सकल मार्जिन पर कहा कि उन्हें उम्मीद है कि यह क्रमिक रूप से बेहतर होगा। जीसीपीएल ने सितंबर तिमाही के लिए अपने अपडेट में कहा कि भारत में कमजोर आर्थिक स्थितियां और प्रतिकूल मौसम के हालात रहे हैं।

### कठिन परिचालन वातावरण: गोदरेज

'कठिन परिचालन वातावरण' का सामना करना पड़ा और इसके जैविक व्यवसाय ने एक अंक में वृद्धि दर्ज की। पैराशूट, सफोला और हेयर एंड केयर जैसे ब्रांडों का स्वामित्व रखने वाली मैरिको ने कहा कि 2023-24 की दूसरी तिमाही में मांग के रुझान काफी हद तक पिछली तिमाही के अनुरूप ही हैं।

# भारत से मोबाइल फोन निर्यात हुआ दोगुना

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



- अप्रैल से अगस्त तक 5.5 अरब डॉलर रहा
- एप्पल ने 23,000 करोड़ रुपए के आईफोन निर्यात किए

भारत से चालू वित्त वर्ष में अगस्त तक मोबाइल फोन निर्यात लगभग दोगुना होकर 5.5 अरब डॉलर (लगभग 45,700 करोड़ रुपये) हो गया। मोबाइल उद्योग निकाय आईसीईए ने यह जानकारी दी। आईसीईए ने कहा कि भारत से मोबाइल फोन निर्यात अप्रैल-अगस्त 2023 में लगभग तीन अरब डॉलर (लगभग 24,850 करोड़ रुपये) था। नाम उजागर न करने की शर्त पर एक सूत्र ने बताया कि प्रौद्योगिकी कंपनी एप्पल ने 23,000 करोड़ रुपये के आईफोन निर्यात किए, जो कुल निर्यात के आधे से कुछ ज्यादा हैं। हालांकि, इस संबंध में पूछने पर एप्पल से कोई जवाब नहीं मिला। कुल मोबाइल फोन निर्यात पर इंडिया सेलुलर एंड इलेक्ट्रॉनिक्स एसोसिएशन (आईसीईए) के चेयरमैन पंकज मोहिंद्रू ने कहा कि भारत से मोबाइल फोन निर्यात में 80 प्रतिशत से अधिक की भारी वृद्धि हुई है। मोहिंद्रू ने कहा, 'भारत जीवीसी के लिए पसंदीदा स्थान बनने के लिए कड़ी मेहनत कर रहा है। इस पर काम प्रगति पर है और प्रतिक्रिया सकारात्मक है।' आईसीईए के अनुमान के अनुसार, वित्त वर्ष 2022-23 में भारत से फोन निर्यात दोगुना होकर 90,000 करोड़ रुपये से अधिक यानी लगभग 11.12 अरब डॉलर हो गया, जो वित्त वर्ष 2021-22 में 45,000 करोड़ रुपये था। सरकार को उम्मीद है कि मोबाइल फोन कंपनियां इस साल एक लाख करोड़ रुपये के उपकरण निर्यात करेंगी।

### 2025-26 तक 50 अरब डॉलर पहुंचने की उम्मीद

सरकार ने वित्त वर्ष 2025-26 तक 300 अरब डॉलर का इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण हासिल करने का लक्ष्य रखा है, जिसमें 120 अरब डॉलर निर्यात से आने की उम्मीद है। वित्त वर्ष 2025-26 तक मोबाइल फोन निर्यात 50 अरब डॉलर से अधिक होने का अनुमान है।

## मारुति की उत्पाद श्रृंखला बढ़ाकर 28 मॉडल करने की




**नई दिल्ली।** मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) का कुल पूंजीगत व्यय 2030-31 तक लगभग 1.25 लाख करोड़ रुपये रह सकता है। कंपनी ने शेयर बाजार को यह जानकारी देते हुए कहा कि वह उत्पाद श्रृंखला को 17 से बढ़ाकर 28 मॉडल तक करने की योजना बना रही है और उत्पादन क्षमता का विस्तार कर रही है। देश की सबसे बड़ी कार कंपनी 2030-31 तक अपनी कुल उत्पादन क्षमता को 40 लाख इकाई प्रति वर्ष तक बढ़ाने के लिए निवेश कर रही है। कंपनी ने कहा, गुरुग्राम, मानेसर और गुजरात स्थित मौजूदा संयंत्रों में नियमित पूंजीगत निवेश जारी रहेगा। यह राशि 2022-23 में 7,500 करोड़ रुपये होगी। वर्ष 2030-31 तक कुल पूंजीगत व्यय 1.25 लाख करोड़ रुपये तक हो सकता है।

## एथर एनर्जी नेपाल के बाजार में देगी दस्तक...



**नई दिल्ली।** इलेक्ट्रिक दोपहिया विनिर्माता एथर एनर्जी ने सोमवार को कहा कि वह नेपाल के बाजार में दस्तक देने के साथ ही अपना अंतरराष्ट्रीय कारोबार शुरू करने जा रही है। कंपनी ने बयान में कहा कि उसकी अपने अग्रणी मॉडल 450एक्स का नेपाल को निर्यात करने की योजना है। इसके साथ ही एथर एनर्जी बैटरी चालित दोपहिया वाहनों के अंतरराष्ट्रीय बाजार में कदम रखेगी। एथर एनर्जी ने कहा कि चीन एवं भारत की तुलना में नेपाल का बाजार आकार में छोटा है लेकिन यह नए बाजार में उत्पाद के प्रदर्शन एवं स्वीकार्यता से संबंधित पहलुओं को समझने के लिहाज से अहम होगा। कंपनी के मुख्य कारोबार अधिकारी रवनीत फोकेला ने कहा, 'हम घरेलू स्तर पर अपनी वृद्धि जारी रखने के साथ ही अपने कारोबार को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ले जाने को लेकर खासे रोमांचित हैं।'

# सोने में 300 रुपए की तेजी चांदी में 500 रुपए का उछाल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

### सोना बढ़कर 58,350 रुपए प्रति 10 ग्राम | चांदी उछलकर 72,500 रुपए प्रति किलोग्राम

अंतरराष्ट्रीय बाजारों से मजबूती के संकेतों के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोमवार को सोना 300 रुपये चढ़कर 58,350 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। इससे पिछले कारोबारी सत्र में सोना 58,050 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 500 रुपये के उछाल के साथ 72,500 रुपये प्रति 'भू-राजनीतिक चिंताओं से दुनिया भर में जोखिम से बचने की भावना पैदा हुई, जिससे सुरक्षित निवेश का विकल्प माने जाने वाले सोने में तेजी देखने को मिली। बाजार को नुकसान पहुंचाने के अलावा बढ़ती भू-राजनीतिक उथल पुथल वैश्विक आर्थिक विकास के लिए खतरा है।' गांधी ने कहा, 'इन चिंताओं के बीच सोने की कीमत में सुधार को जारी रखने के लिए नई गति मिली जो अमेरिकी श्रम बाजार के मिलेजुल सुधार से प्रेरित थी।' अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना तेजी के साथ 1,848 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गया। चांदी की कीमत भी तेजी के साथ 21.70 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रही थी।



### इजराइल-हमास युद्ध से बढ़े सोने के दाम

मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज में कमोडिटी शोध के वरिष्ठ उपाध्यक्ष नवनीत दमानी ने कहा कि इजराइल और हमास के बीच छिड़े संघर्ष ने पश्चिम एशिया में व्यापक संघर्ष का खतरा बढ़ा दिया है। ऐसी स्थिति में सोने जैसी सुरक्षित-संपत्ति की मांग आने से इसके भाव चढ़े हैं।

# पहले सात महीनों में चाय निर्यात में गिरावट

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

चाय बोर्ड के नवीनतम आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2023 के पहले सात महीनों (जनवरी से जुलाई) में भारत से चाय निर्यात 2.23 प्रतिशत की मामूली गिरावट के साथ 11 करोड़ 46 लाख किलोग्राम रहा है। वर्ष 2022 की समान अवधि में चाय का निर्यात 11 करोड़ 72.1 लाख किलोग्राम रहा था। उत्तर भारत (पश्चिम बंगाल एवं असम समेत) से चाय का निर्यात चालू कैलेंडर वर्ष के पहले सात महीनों में छह करोड़ 95.6 लाख किलोग्राम रहा, जबकि पिछले साल की समान अवधि में यह सात करोड़ 56 लाख किलोग्राम था। दक्षिण भारत से निर्यात भी वर्ष 2023 में जनवरी से जुलाई तक गिरकर 4.50 करोड़ किलोग्राम रहा जबकि वर्ष 2022 की इसी अवधि में यह 4.66 करोड़ किलोग्राम था। कैलेंडर वर्ष 2023 के पहले सात महीनों में चाय के निर्यात से इकाई मूल्य प्राप्ति भी घटकर 265 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई, जबकि एक साल पहले की समान अवधि में यह 270.85 रुपये प्रति किलोग्राम थी। वर्ष 2022 के पूरे कैलेंडर वर्ष में देश से 23 करोड़ 10.8 लाख किलोग्राम चाय का निर्यात हुआ था।



स्वत्वाधिकारी,मुद्रक,प्रकाशक एवं संपादक नागेश नरवरिया द्वारा जय माता प्रिंटर्स म.नं. 1 अमर दाल मिल के पास पेमदीपुरा चिकलोद रोड के पास बापू कालोनी जहांगीराबाद भोपाल मप्र से मुद्रित एवं म.नं. 51 एक्सटेंशन शिवलोक कॉलोनी फेस-3, खजूरी कलां रोड,तह. हुजूर जिला भोपाल से प्रकाशित। संपादक :- नागेश नरवरिया (समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र भोपाल रहेगा।)